विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 206 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 29 अप्रैल 2025 डाक 30 अप्रैल 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



**विविधा** — नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के पास पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया



**देश-विदेश** — एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी होंगे नए वायुसेना उपप्रमुख, सेना को मिलेगा नया उत्तरी सेना कमांडर



**फीचर पेज** — खराब होने के बाद भी क्यों नहीं लगते हैं केले में कीड़े, पढ़ें इसको खाने के सही तरीके




# पीएम ने की युग्म की शुरुआत, इनोवेशन इकोसिस्टम में बढ़ेगा निजी निवेश



**नईदिल्ली, 29 अप्रैल [एजेंसी]।**

दिल्ली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में नवाचार तंत्र में निवेश बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित युग्म सम्मेलन का मंगलवार को शुभारंभ किया। राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में होने वाला युग्म सम्मेलन अपनी तरह का पहला महत्वपूर्ण नीतिगत सम्मेलन है। इसमें सरकार, शैक्षणिक क्षेत्र, उद्योग जगत और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र से संबंधित दिग्गज शामिल हो रहे हैं। वाधवानी फाउंडेशन और सरकार के प्रतिष्ठानों के संयुक्त निवेश से लगभग 1,400 करोड़ रुपये की सहयोगी परियोजना द्वारा संचालित यह आयोजन भारत की नवाचार यात्रा में उल्लेखनीय भूमिका निभाएगा। पीएम मोदी के आत्मनिर्भर और नवप्रवर्तन आधारित भारत की भविष्य दृष्टि के अनुरूप सम्मेलन में नवाचार आधारित कई प्रमुख परियोजना पहल आरंभ की जाएंगी। इनमें आईआईटी कानपुर (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटेलिजेंट सिस्टम) और आईआईटी बॉम्बे (जैव विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और चिकित्सा) में सुपरहब स्थापित करना शामिल हैं। अनुसंधान व्यावसायीकरण को बढ़ावा देने के लिए शीर्ष शोध संस्थानों में वाधवानी इनोवेशन नेटवर्क (डब्ल्यूआईएन) केंद्र और अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ) के साथ साझेदारी भी होगी। सम्मेलन में अधिकारियों, उद्योग जगत के शीर्ष दिग्गजों और शैक्षणिक क्षेत्र के प्रणेताओं की भागीदारी में उच्च स्तरीय गोलमेज बैठकें और पैनल परिचर्चाएं, अनुसंधान के इस्तेमाल पर संवाद सत्र होंगे। डीप टेक स्टार्टअप शोकेस में देशभर से अत्याधुनिक नवाचार प्रदर्शित किए जाएंगे। सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में विशेष नेटवर्किंग (विशेष संपर्क) के मौके भी मिलेंगे।

## राहुल गांधी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का किया अनावरण

**रायबरेली।** सांसद राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को रायबरेली पहुंचे। राहुल का जिले की सीमा पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। राहुल गांधी ने सबसे पहले कुन्दनगंज स्तिथ विशाखा इंड्रस्टीज में सोलर रूफ़ टॉप प्लांट व इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का उद्घघाटन किया। उन्होंने फैक्ट्री का भी भ्रमण किया। इसके बाद उन्होंने नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। हालांकि राहुल ने मीडिया से अभी तक पूरी तरह दूरी बनाए रखी है।



# कश्मीर में 87 में से 50 टूरिस्ट स्पॉट हुए बंद, पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रशासन का बड़ा फैसला



**श्रीनगर, 29 अप्रैल [एजेंसी]।**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षा को देखते हुए कश्मीर घाटी के संवेदनशील इलाकों में मौजूद 50 पार्कों और उद्यानों को बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर एहतियात के तौर पर कश्मीर घाटी के संवेदनशील इलाकों में मौजूद करीब 50 सार्वजनिक पार्क और उद्यान बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पर्यटकों के लिए खतरे की आशंका के मद्देनजर कश्मीर के 87 सार्वजनिक पार्कों और उद्यानों में से 48 के गेट बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा समीक्षा एक सतत प्रक्रिया है और आने वाले दिनों में सूची में और स्थान जोड़े जा सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि बंद किए गए पर्यटक स्थल कश्मीर के दूरदराज के इलाकों में हैं और इनमें पिछले 10 वर्षों में खोले गए कुछ नए स्थल भी शामिल हैं। पर्यटकों के लिए प्रतिबंधित स्थानों में दूषपथरी, कोकरनाग, डुक्सुम, सिंथन टॉप, अच्छाबल, बंगस घाटी, मार्गन टॉप और तोसामैदान शामिल हैं। हालांकि अधिकारियों ने इस संबंध में कोई औपचारिक आदेश जारी नहीं किया है, लेकिन इन स्थानों पर प्रवेश रोक दिया गया है। दक्षिण कश्मीर के कई मुगल गार्डन के मामले में, इन स्थानों के दरवाजे बंद कर दिए गए हैं। यह फैसला पहलगाम आतंकी हमले के बाद आया है। 22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में आतंकी हमला हुआ था। जिसमें एक विदेशी नागरिक सहित देश के 26 लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हो गए थे।

## टीएस सिंहदेव ने मोदी सरकार से आतंकियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की मांग की



**रायपुर 29 अप्रैल।** जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 लोगों की मौत हो गई थी। यह हमला मंगलवार 22 अप्रैल को हुआ था। इस हमले के बाद से ही पूरे देश में आक्रोश का माहौल है। हर तरफ आतंकवाद के खीलाफ प्रदर्शन किया जा रहा है। लोगों की मांग है कि, आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। इस आतंकी हमले के बाद विपक्ष ने भी सरकार से कहा है कि, सरकार के तरफ से जो भी कदम उठाया जाएगा विपक्ष उनके साथ खड़ा रहेगा। वहीं अब इस मामले में छत्तीसगढ़ के दिग्गज कांग्रेस नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव का बयान सामने आया है। कांग्रेस नेता टी.एस. सिंहदेव ने कहा कि, इस मुद्दे पर पूरा देश एक साथ उठ खड़ा हुआ और विरोध किया। जो मंशा इन आतंकियों की थी कि इस वारदात को अंजाम देकर हिंदू-मुस्लिम की खाई को गहरा करना था और बहुत अप्रिय स्थिति उत्पन्न करना और देश की अखंडता पर वार करने का उनका इरादा था, लेकिन हर देश की नागरिक ने इसे खंडित कर दिया है हम सभी परिवारों के साथ खड़े हैं। सरकार को जो कदम उठाने पड़े वो उठाए, पूरा देश उसका समर्थन करेगा और सबकी एक राय होगी, पूरा देश एकसाथ है।

## लिफ्ट काल बना, एक और युवक की मौत

**दुर्ग।** भिलाई में चौहान स्टेट (व्यवसायिक परिसर) की लिफ्ट के होल में गिरकर युवक की मौत हो गई। घटना 29 अप्रैल मंगलवार सुबह 5 बजे की है। 3rd फ्लोर में लिफ्ट का दरवाजा खुला था लेकिन लिफ्ट नीचे थी। राजा बांदे (40) यह देख नहीं पाया और सीधे लिफ्ट के अंदर घुसा और गिर गया। मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है। सूचना के बाद SDRF की टीम ने रेस्क्यू कर रस्सी के सहारे उसे बाहर निकाला। जब उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था तब उसने आंख खोलकर देखा भी था, घटना के बाद करीब 1 घंटे तक वह जिंदा था।

# अहमदाबाद में अवैध बांग्लादेशियों पर बड़ा एक्शन, चंदोला झील के पास बनी बस्ती पर चला बुलडोजर, 800 लोग गिरफ्तार



**अहमदाबाद 29 अप्रैल ।** पहलगाम हमले के बाद कई राज्यों की पुलिस अवैध शरणार्थियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। हाल ही में गुजरात पुलिस ने सूरत और अहमदाबाद से 1000 से ज्यादा बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया था। वहीं, अब पुलिस ने चंदोला झील के पास बनी बांग्लादेशी बस्ती पर धावा बोल दिया है। चंदोला झील के आसपास बनी सभी झुग्गी-झोपड़ियों को जमींदोज कर दिया गया है। इस पूरे इलाके में अवैध बांग्लादेशी शरणार्थी रहते थे। ऐसे में पुलिस ने बुलडोजर एक्शन लेते हुए 800 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। चंदोला झील क्षेत्र में बुलडोजर चलाने से पहले पुलिस ने इस पूरे इलाके की बिजली काट दी। इसके बाद 50 जेसीबी मशीनें और 30 एमएमसी डंपर बुलाए गए।

इस दौरान 2000 से ज्यादा पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद थे। बस्ती पर कार्रवाई के दौरान 800 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें से 143 की पहचान बांग्लादेशी नागरिक के रूप में हुई है। बांग्लादेशी बस्ती पर कार्रवाई करने करते समय पुलिस ने पूरे इलाके में 10 से ज्यादा ड्रोन तैनात किए थे, जिससे पूरे इलाके पर नजर रखी जा रही थी। यहां लल्ला बिहारी के फार्महाउस का दरवाजा था, जिसे तोड़कर पुलिस ने फार्महाउस में प्रवेश किया। एमएमसी टीम ने हथौड़े से फार्महाउस को ध्वस्त किया है।

# पहलगाम अटैक पर बड़ा खुलासा, पाकिस्तानी सेना से जुड़े हैं आतंकी के तार, हमला करने वाला पहले था एसएसजी कमांडो



**जम्मू-कश्मीर, 29 अप्रैल [एजेंसी]।**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की जांच जारी है। पहलगाम अटैक के बाद से पाकिस्तान और भारत में तनाव चरम पर है। इस बीच खबर सामने आई है कि हमले में शामिल एक आतंकवादी के तार पाकिस्तान सेना से जुड़े हैं। फिलहाल, भारतीय सेना या सरकार की ओर से इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी सामने आई है। तीन आतंकवादियों के स्केच सामने आए थे। पहलगाम नरसंहार में शामिल रहे एक पाकिस्तानी आतंकवादी की पहचान हाशिम मूसा के तौर पर हुई है। टीओआई की रिपोर्ट के मुताबिक मूसा पाकिस्तानी सेना के स्पेशल फोर्सेज का पूर्व पैरा कमांडो है। मूसा अब लश्कर के साथ काम कर रहा है और उसे जम्मू और कश्मीर में गैर स्थानीय और सुरक्षाबलों के बीच दहशत फैलाने के इरादे से भेजा गया था। एक अधिकारी ने इसको लेकर बताया है कि पाकिस्तानी स्पेशल फोर्सेज की तरफ से लश्कर को लोन दिया गया है। हाशिम मूसा, जो अब लश्कर-ए-तैयबा के साथ काम कर रहा है, उसे जम्मू और कश्मीर भेजे जाने से पहले पाकिस्तान के स्पेश सर्विस ग्रुप द्वारा विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया था। जांचकर्ताओं का कहना है कि मूसा को भारतीय और विदेशी पर्यटकों के साथ-साथ सुरक्षा कर्मियों सहित गैर-स्थानीय नागरिकों को निशाना बनाने का काम सौंपा गया था।

## राम मंदिर को मिली पूर्णता, मुख्य शिखर पर धर्म ध्वज दंड स्थापित

**अयोध्या।** वैशाख शुक्ल द्वितीया तदनुसार 29 अप्रैल को राम मंदिर को पूर्णता मिल गई। गत दिनों इसके मुख्य शिखर पर कलश की स्थापना होने के बाद मंगलवार को धर्म ध्वज दंड भी स्थापित कर दिया गया। इस ध्वज दंड की लंबाई 42 फीट और वजन लगभग साढे पांच टन है। धर्म दंड लगने के बाद अब राम मंदिर की कुल ऊंचाई 201 फीट हो गई। राम मंदिर के मुख्य शिखर का निर्माण पूरा होने के बाद गत 14 अप्रैल को इस पर कलश की स्थापना की गई थी वैशाख शुक्ल द्वितीया को धर्म ध्वज दंड की स्थापना हो जाने के बाद अब इसके प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना का कार्य अगले माह संपन्न होने की संभावना है। धर्म ध्वज दंड की स्थापना की प्रक्रिया सुबह 6.30 बजे प्रारंभ हुई और यह लगभग आठ बजे पूरी की जा सकी। धर्म ध्वज दंड को दो क्रेन के माध्यम से उठाया गया और इसे सीधा किया गया, फिर फिर टावर क्रेन के माध्यम से ध्वज दंड को क्षैतिज ले जाकर मुख्य शिखर पर स्थापित किया गया इसका लगभग 10 फीट भाग अंदर समाया है।



## पूर्व आईपीएस को सुप्रीम कोर्ट से तगड़ा झटका



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी संजीव भट्ट की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने 1990 के कस्टोडियल डेथ केस में अपनी आजीवन कारावास की सजा को निलंबित करने की मांग की थी। उन्होंने इस मामले में जमानत की भी मांग की थी, जिसे शीर्ष अदालत ने ठुकरा दिया।

न्यायमूर्ति विगिम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि वह सजा को निलंबित करने और संजीव भट्ट को जमानत पर रिहा करने के पक्ष में नहीं है। हालांकि, पीठ ने निर्देश दिया कि भट्ट द्वारा शीर्ष अदालत के समक्ष दायर अपील पर प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की जाएगी। यह मामला 1990 में घटित एक घटना से संबंधित है जब संजीव भट्ट जामनगर जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थे।

# जालंधर के रिहायशी इलाके में कबाड़ गोदाम में लगी आग, दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर मौजूद

**जालंधर, 29 अप्रैल [एजेंसी]।**

जालंधर के भार्गव कैंप मॉडल हाउस रोड के पास एक रिहायशी इलाके में कबाड़ के गोदाम में आग लग गई। दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर दो गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाना शुरू कर दिया है। आग की घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। हालांकि, गोदाम का सामान जलकर राख हो चुका है।



वार्ड पार्षद राजकुमार राजू ने बताया कि गोदाम में छह महीने पहले भी आग लग चुकी है। मामले की जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि शरारती तत्वों की आशंका को जांचा जा सके। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

# रवीना टंडन, फराह खान और भारती सिंह को बड़ी राहत हाईकोर्ट ने पुलिस नोटिस पर 14 जुलाई तक लगाई रोक

**चंडीगढ़, 29 अप्रैल [एजेंसी]।**

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन, फिल्म निर्माता फराह खान और कॉमेडियन भारती सिंह को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ जारी पुलिस नोटिसों पर 14 जुलाई 2025 तक रोक लगा दी है। इन तीनों कलाकारों पर एक शो के दौरान ईसाई समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप है। मामला वर्ष 2019 का है, जब फराह खान ने बैकबेंचर्स नामक एक शो होस्ट किया था। इस शो में सेलिब्रिटीज को आमंत्रित कर उनकी सामान्य ज्ञान की परीक्षा ली जाती थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, इस शो में आरोपितों ने हलेलुजाह शब्द की तुलना एक अभद्र शब्द से करते हुए ईसाई समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई थी। इसके चलते वर्ष 2020 में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सोमवार को जस्टिस मनीषा बत्रा की एकल पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के वकील ने अदालत को बताया कि संबंधित अधिकारियों द्वारा भारतीय न्याय संहिता की धारा 35 के तहत नोटिस जारी कर उन्हें जांच में शामिल होने के लिए कहा गया है। इस पर कोर्ट ने आदेश दिया कि अगली सुनवाई 14 जुलाई 2025 तक पुलिस की ओर से याचिकाकर्ताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। याचिकाकर्ताओं की ओर से कोर्ट के समक्ष तर्क रखा कि जिस कार्यक्रम के आधार पर यह प्राथमिकी दर्ज की गई है, उसका उद्देश्य किसी धर्म या समुदाय का अपमान करना नहीं था।




NKH HOSPITAL SUPER SPECIALITY
"STROKE & NEURO CLINIC" Started at NKH Korba
Treatment through World Class Equipment And Technology
NKH में न्यूरोलॉजी विभाग का शुभारंभ
Dr. Manish Goyal
M.B.B.S. DNB
Fellowship in Neurology
अन्य सभी न्यूरो संबंधित समस्याएं
यदि आपको ये लक्षण दिखाई दे तो तुरंत न्यूरोलॉजिस्ट से संपर्क करें
न्यू कोरबा हॉस्पिटल, मंगलम विहार कोसाबाड़ी, कोरबा
860-2599-122, 860-2599-133

Delite Fashion
Transport Nagar
वैवाहिक एवं फैंसी साड़ियाँ
SUBHASH | Ambica | Cotton | SILK
Wedding Collection
Suiting I Shirting I Sherwani
Indowestern I Coat Suit
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# आईसीडीएस में कई आंगनबाड़ियों में रिक्त पदों की पूर्ति के मामले में पारदर्शिता से हो काम

### कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की ली समीक्षा बैठक,6 वर्ष तक के बच्चों के आधार सत्यापन के दिए निर्देश



**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने डीपीओ को निर्देशित किया कि परियोजनावार आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की प्रक्रिया पूर्ण करें। उन्होंने एकीकृत बाल संरक्षण योजना अंतर्गत विभिन्न रिक्त पदां पर भी शीघ्र भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश देते हुए परीक्षा के आयोजन के दौरान प्रश्न पत्र तैयार करने से लेकर अन्य प्रक्रिया तक गोपनीयता को ध्यान रखने और पारदर्शी तरीके से भर्ती पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भवन विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि नए भवन की स्वीकृती से पूर्व संबंधित परियोजना अधिकारी यह परीक्षण कर लें की पूर्व में उक्त आंगनबाड़ी भवन हेतु स्वीकृती तो नहीं है। उन्होंने 0-6 वर्ष तक के बच्चों का आधार सत्यापन के कार्या में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुए कलेक्टर श्री वसंत ने विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की उन्होंने सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में समय पर कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की उपस्थिति सुनिश्चत करते हुए बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में गैस का उपयोग करते हुए भोजन पकाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी परियोजना अधिकारियों को आंगनबाड़ी केन्द्र वार मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी आंगनबाड़ी केन्द्र में लकड़ी से चूल्हा जलाने की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित सीडीपीओ के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने ग्रोथ मॉनिटरिंग, पूरक पोषण आहार, फेशियल रिकॉजनेशन द्वारा टीएचआर का वितरण, पोषण पखवाड़ा, नवा विहान, सखी वन स्टाप सेंटर, मिशन वात्सल्य, किशोर न्याय बोर्ड, जिले में बाल देख रेख संस्था की जानकारी, शासकीय बाल संप्रेषण गृह, चाइल्ड हेल्प लाईन, बाल विवाह रोकथाम, आंगनबाड़ी केन्द्र में शौचालय निर्माण सहित अन्य विषयों पर चर्चा की और दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने रेडी टू ईट हेतु समूह का चयन एवं युनिट स्थापना की प्रक्रिया को 1 माह के भीतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुशासन तिहार अंतर्गत विभाग को प्राप्त आवेदन का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पोषण देख रेख कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और जरूरत मंद बच्चों को लाभांवित करने के निर्देश दिए। इस दौरान महिला एवं बाल विकास के अधिकारी उपस्थित थे।

## अस्पताल परिसर व सीएसईबी चौक के पास खुला प्याऊ घर

**कोरबा।** सांत्वना फाउंडेशन ने जिले में भीषण गर्मी पड़ने के मद्देनजर जिला अस्पताल परिसर और सीएसईबी चौक के पास प्याऊ घर खोला है। सोसायटी की रेलवे स्टेशन परिसर में पहले ही एक प्याऊ घर संचालित है। दो सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ घर खुलने से राहगीरों को भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।



## अब राजकुमारी को भी मिल पायेगा उचित मूल्य पर राशन

### सुशासन तिहार में दी थीं आवेदन, अब बन गया है नया कार्ड

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सुशासन तिहार के माध्यम से लिये गए आवेदनों पर अब कार्यवाही शुरू हो गई है। सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। आवेदन निराकरण होने पर संबंधित आवेदकों को इसका लाभ भी मिलने लगा है। इसी कड़ी में सुशासन तिहार 2025 के तहत राजकुमारी बिंझवार वार्ड 01 बिन्झपुर-कटघोरा का आवेदन क्रमांक 25270207700040 के द्वारा नया राशन कार्ड बनाने की मांग की गई थी। आवेदन प्राप्त होने और इसका ऑनलाइन एंट्री के बाद आवेदन का परीक्षण किया गया। परीक्षण के पश्चात संबंधित आवेदक को मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत छुरीकला के द्वारा 28 अप्रैल को राशन कार्ड का निराकरण करते हुए राशन कार्ड क्रमांक 223834905164 बनाकर प्रदान किया गया। आवेदन के कुछ दिनों के भीतर अपना राशनकार्ड बन जाने से राजकुमारी बिंझवार बहुत खुश है और सुशासन तिहार के आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह का शिविर का आयोजन होते रहना चाहिए ताकि आमनागरिकों को अपनी समस्याओं को रखने और उसका निराकरण का अवसर मिले।

# जमीन विवाद सहित कई तरह की समस्याएं आयी जनदर्शन में

### प्रशासन ने किया इनका निराकरण

**कोरबा ।** कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आमनागरिको की समस्याओं को सुना। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को सम्बंधित अधिकारियों को प्रेषित कर समय-सीमा के भीतर निराकरण के निर्देश दिए हैं। जन दर्शन में कुल 120 आवेदन प्राप्त हुए।



कलेक्टर जनदर्शन में भूमि सीमांकन, पट्टा,खाता विभाजन, जाति प्रमाण पत्र, पेंशन, वन अधिकार पत्र, प्रधानमंत्री आवास, राशनकार्ड, बिजली बिल, आदि के आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम बांधाखार निवासी निशा नायक ने जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन दिया। अखरापाली के सुरेश केवट ने भूमि संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। चोटिया के सम्मान सिंह और श्यामदास ने बालको प्रबंधन द्वारा अनुचित श्रम व्यवहार पर कार्यवाही करने की मांग की। ग्राम पथरी के चेतराम कौशिक और विजय कौशिक ने नक्शा बटाकंन,की अर्जी लगाई। समारु सिंह ने ग्राम सिंदूरगढ़,पसान में मनरेगा से भूमि समतलीकरण और बकरी रोड निर्माण की मांग की। ज्ञानेन्द्र कुमार और राकेश कुमार के द्वारा वार्ड नंबर 44 नेहरूनगर में किए गए बेजा कब्जा की शिकायत की। गेराव के सरपंच के द्वारा ग्राम बस्ती में नवीन पूर्व माध्यमिक शाला खोलने की मांग की गई। ग्राम पंचायत बनिया के सरपंच ने हाथियों के द्वारा की गई फसल नाश का मुआवजा ग्रामीणों को देने की मांग की। जवाहर लाल,रमेश कुमार एवं अन्य के द्वारा पटवारी पद पर अनुकंपा नियुक्ति होने पर उनका प्रशिक्षण कराए जाने की मांग की। रामपुर वार्ड नंबर 37 की निवासी सरिता दास ने विधवा पेंशन की अर्जी लगाई। तिलकेजा के रामलाल यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवास की शेष राशि भुगतान कराने की मांग की। कुदमुरा निवासी मुकेश उरांव ने अपनी भूमि का सीमांकन कराने की मांग की। इसी तरह दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र लामपहाड़ की पहाड़ी कोरवा फ़गिनी बाई ने जनदर्शन में वन अधिकार पत्र प्रदाय करने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेशित कर निराकरण के निर्देश दिए हैं।

### इमलीछापर में काफी समय से बनी है समस्या

## पानी निकालने का विकल्प नहीं, बारिश के बाद लोग हुए परेशान


**कुसमुंडा।** सोमवार को हुई बारिश के कारण ऊर्जाधानी के कई इलाके में पानी भर गया। स्थिति वहां ज्यादा खराब हुई, जहां पानी की निकासी के लिए जगह नहीं है। सड़क पर पानी जमा होने से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हुई।



जलजमाव के कारण ज्यादा खराब स्थिति कुसमुंडा में इमलीछापर में निर्माणाधीन ओवरब्रिज के आसपास की रही। सड़क किनारे पानी निकासी के लिए जगह नहीं है। इस बीच सोमवार को हुई तेज बारिश के कारण आसपास का पानी इमलीछापर चौक के करीब ओवरब्रिज निर्माणास्थल पर आकर एकत्र हो गया। यहां पानी इतना भर गया कि सड़क दिखाई नहीं दे रही थी। लोगों का आना-जाना भी मुश्किल हो गया। जरूरी कार्य से लोग पानी में गाड़ियां दौड़ाते रहे। स्थानीय लोगों ने बताया कि इमलीछापर चौक के आसपास ओवरब्रिज निर्माणाधीन है। लेकिन कई माह से ब्रिज बनाने का काम बंद है। इसे बनाने वाली कंपनी ने पहले भी लोगों से वादा किया था कि वह बारिश के पानी की निकासी के लिए आसपास के क्षेत्रों में व्यवस्था करेगी। लेकिन कंपनी ने वादाखिलाफी किया। जल की निकासी के लिए कोई काम नहीं किया। इसका असर यह हुआ कि सोमवार को जब तेज बारिश हुई तब इमलीछापर की सड़क पानी से भर गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इसके पहले भी निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास लोगों को परेशानी हुई थी। लेकिन इससे कोई सबक नहीं लिया गया।

## अक्षय तृतीया कल, खुल सकते हैं उन्नति के द्वार

**कोरबा।** अक्षय तृतीया वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 30 अप्रैल को मनाई जाएगी। इस दिन वैवाहिक कार्यक्रम सहित सभी मंगल कार्यों के लिए अत्यंत विशिष्ट मुहूर्त है।। अक्षय तृतीया पर मां लक्ष्मी की आराधना को समर्पित है। मान्यता है कि इस दिन पूजा-पाठ करने से कामना की पूर्ति होती है और परिवार में सुख, समृद्धि और शांति बनी रहती है। अक्षय तृतीया का पर्व इस वर्ष दुर्लभ संयोग बन रहा है। बुधवार का दिन, रोहिणी नक्षत्र, शोभन योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग एक साथ बन रहे हैं। इस दुर्लभ संयोग में किया गया शुभ कार्य से अक्षय फल देने वाला होगा। जीवन में सुख, समृद्धि तथा उन्नति के द्वार खोलेगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार अक्षय तृतीया को युगादि तिथि भी कहा जाता है। इस दिन दान, जप, तप, हवन आदि कर्मों का फल अत्यंत लाभदायक होता है। इसके लिए श्रद्धालुओं ने तैयारी दो दिन पहले से शुरू कर दी है। इस विशिष्ट मुहूर्त पर वैवाहिक कार्यक्रम, सोने-चांदी के जेवर, भू-खंड की खरीदी सहित अन्य कार्य को लेकर लोगों ने योजना बनाई है। ज्योतिषविद पंडित सतीश शुक्ल ने बताया कि अक्षय तृतीया 30 अप्रैल, बुधवार को मनाई जाएगी। तृतीया तिथि 29 अप्रैल को रात 11.47 बजे से प्रारंभ होगी, जो 30 अप्रैल को रात 09.37 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को ही मनाया जाएगा।




## वर्षोवरण उत्सव में बंग समाज ने दिखाई प्रतिभा



**कोरबा।** कोरबा बंग समाज के तत्वावधान में बंग समाज का वर्षोवरण उत्सव मनाया गया। सीनियर क्लब ईस्ट में हुए समारोह में मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान बंग समाज के नन्हें-मुन्ने बच्चों से लेकर बुजुर्ग कलाकारों ने नृत्य, गायन एवं संगीत विधा में खूबसूरत प्रस्तुति दी। महज छह वर्ष की आयु के बाल कलाकार मास्टर तृणब चैधरी कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केंद्र रहे, जिन्होंने अपने गुरुदेव एवं कमला नेहरु महाविद्यालय के संगीत प्राध्यापक डॉ. कुणाल दास गुप्ता के सान्निध्य में तबला वादन में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति में प्रमुख रुप से मास्टर प्रयत, मास्टर अभिसार, नंदिनी, श्रेया, परिधि, अनुभव, अमित बनर्जी एवं प्रांजली समेत अन्य कालाकारों ने सहभागिता दी। समारोह के दौरान फ्यूजन में इंडियन व वेस्टन कल्चर का संगम सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बिंदू रहा। कथक के घुंघरुओं की छम-छम के साथ तबले के जुगलबंदी में समाहित सवाल-जवाब की रोचक संगीतमय श्रृंखला ने सभी का दिल जीत लिया।

## बस्तियों में जलभराव, घरों में घुसा पानी,कई इलाकों में बिजली गुल

**कोरबा।** कोरबा में सोमवार को मौसम ने करवट बदली। दोपहर 2 बजे के बाद जिले के विभिन्न हिस्सों में तेज आंधी-तूफान के साथ झमाझम बारिश हुई। कई इलाकों में ओले भी गिरे।बारिश से सड़कों पर जलभराव हो गया। तेज हवाओं के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। अमरियापारा में ट्रांसफॉर्मर के पास के पेड़ों से शॉर्ट सर्किट की स्थिति बनी। चिंगारियां निकलने से लोगों में दहशत फैल गई।बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई। रामनगर, मुड़ापार, बुधवारी काशी नगर, संजय नगर, पुरानी बस्ती और सीएसईबी कॉलोनी में बिजली गुल रही।

# प्रतिस्पर्धा से अभ्यर्थी रहे वंचित, 214 पदों पर मनमाने ढंग से हुई भर्ती

### स्वास्थ्य संचालक करेंगे इस मामले में जांच

**कोरबा।** कोरबा जिले में स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत अलग-अलग 214 पद के विरुद्ध की गई भर्ती इंक्वारी के घेरे में आ गई है। खबर के अनुसार स्वास्थ्य से संबंधित नियमों को लेकर कोरबा जिले में जमकर खिलवाड़ किया गया। । नियमों को ताक पर रखकर विभाग में कार्य किए जा रहे हैं। पिछले दिनों की गई चयन प्रक्रिया में की गई गड़बड़ी पर सरकार ने नजर टेढ़ी की है। स्वास्थ्य संचालक को इस पूरे मामले की प्रक्रिया की जांच करने के आदेश दिए गए हैं। जबकि मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी का कहना है कि निर्धारित प्रावधान के अंतर्गत काम किया गया है ।

खनिज न्यास मद से स्टॉफ नर्स, ड्रेसर, वार्ड बॉय सहित 215 विभिन्न पदों पर हुई संविदा भर्ती ने स्वास्थ्य विभाग को कटघरे में खड़ा कर दिया है। सूचना का अधिकार के तहत प्राप्त दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि स्वास्थ्य विभाग ने अखबारों में विज्ञापन प्रकाशित कराए बिना ही 215 से अधिक पदों को भर लिया। चयन के लिए मेरिट (प्रावीण्य) सूची को आधार बनाया गया। यह भर्ती प्रक्रिया किस नियमों के तहत की गई? सूचना के अंतर्गत दी गई जानकारी में विभाग को ओर से बताया गया कि इस भर्ती प्रक्रिया में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा भर्ती राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन रायपुर द्वारा जारी मानव संसाधन नीति नियम 2018 के परिपालन में किया गया।खबर के अनुसार सूचना के अधिकार के अंतर्गत इस बारे में जानकारी प्राप्त की गई और मानव संसाधन भर्ती नीति नियम 2018 की छानबीन की। तब पता चला कि इसके तहत नियम 15 के अंतर्गत मानव संसाधन प्रकोष्ठ द्वारा अखबारों में भर्ती प्रक्रिया से संबंधित विज्ञापन प्रकाशित करना अनिवार्य था। इसमें दो प्रमुख सामाचार पत्रों को शामिल किया जाना था। जिसमें भर्ती प्रक्रिया से संबंधित सभी जानकारियां उपलब्ध होती।भर्ती किस पद के लिए की जा रही है और संबंधित पद के विरूद्ध कितने स्थान रिक्त हैं। इसकी भी जानकारी स्वास्थ्य विभाग की ओर समाचार पत्रों में दिया जाना था। लेकिन विभाग ने इसका पालन नहीं किया। इसी भर्ती प्रक्रिया कंडिका 16 के तहत उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा, साक्षात्कार, वॉक-इन-इंटरव्यू या वांछनीय अहर्तता की मेरिट अंक सूची के माध्यम से किया जाना था। विभाग ने इस नियम के तहत मेरिट सूची को आधार बनाया और भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया। इस मसले को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि विज्ञापन प्रकाशित कराया गया है। इस विषय पर एक चयन समिति का गठन कराया गया था और उसके जरिए आगे की प्रक्रिया पूरी की गई है।

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के पद पूर्ति हेतु दावा आपत्ति 06 मई तक आमंत्रित

**कोरबा ।** कोरबा जिला में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत जिला विकासखंड स्तर पर कुल रिक्त 13 संविदा पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी कर निर्धारित शर्तों एवं मापदण्डों के अनुसार अर्हताधारी इच्छुक अभ्यर्थियों से 28 फ़रवरी 2025 से 20 मार्च 2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। प्राप्त आवेदनों के सारणीकरण उपरांत 23 अप्रैल 2025 को जिला स्तरीय चयन समिति के परीक्षण, अनुमोदन पश्चात प्रारंभिक सूची पात्र, अपात्र का निर्धारण करते हुए दावा आपत्ति आहूत की गई है। अतः समस्त अभ्यर्थी आवश्यकतानुसार उपरोक्त पद हेतु जारी प्रारंभिक सूची एवं सूचना पटल का अवलोकन करते हुए 28 अप्रैल 2025 से 06 मई 2025 (कार्यालयीन दिवस एवं समय में) बिहान कार्यालय कक्ष क्र. 17 में निर्धारित प्रारूप में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि पश्चात् किसी भी माध्यम से प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार/ मान्य नहीं होगा।

### पीपीटी प्रवेश परीक्षा के लिए अस्थाई कंट्रोल रूम बनाया गया

**कोरबा ।** छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित पी0पी0टी0 प्रवेश परीक्षा दिनांक 01 मई 2025 दिन गुरुवार को पूर्वान्ह 09.00 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित होगी। उक्त परीक्षा के लिए कलेक्टर कार्यालय कोरबा के कक्ष क्रमांक 06 वरिष्ठ लिपिक / परीक्षा शाखा में अस्थायी कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसके लिए श्री सनत कुमार राठौर, सहा. ग्रेड-03, जिला कार्य. कोरबा मोबाइल नंबर (8720891298) श्री श्लोक सिंह, सहा0 ग्रेड-03 जिला कार्यालय कोरबा मोबाइल नंबर (8982211498) की ड्यूटी परीक्षा दिवस को प्रात: 9.00 बजे से परीक्षा समाप्ति तक के लिए लगाई गई है।

### पीपीटी प्रवेश परीक्षा के लिए उड़नदस्ता दल का किया गया गठन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा कोरबा जिला में आयोजित पी0पी0टी0 प्रवेश परीक्षा 01मई 2025 गुरुवार को पूर्वान्ह 09.00 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित होगी। कार्यालय कलेक्टर कोरबा के द्वारा परीक्षा केन्द्रों के आकस्मिक निरीक्षण हेतु अधिकारियों, कर्मचारियों को उड़नदस्ता दल का कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है। उड़नदस्ता दल में श्री किशोर शर्मा, अति. तहसीलदार कोरबा 9340602771, सिनीवाली गोयल, उप संचालक, समाज कल्याण कोरबा 9479053127 श्री पी.एल. मिरेन्द्र, कृषि विस्तार अधिकारी कोरबा 8319964607 शामिल हैं। उड़नदस्ता दल का प्रभार क्षेत्र तीन परीक्षा केंद्र 2201 से 2203 तक रहेगा। उड़नदस्ता दल के अधिकारी, कर्मचारी अपनी उपस्थिति परीक्षा दिनांक 01.मई 2025 को परीक्षा प्रांरभ होने के आधा घंटा पूर्व कलेक्टर कार्यालय कोरबा में नोडल अधिकारी कोरबा को अनिवार्य रूप से देंगे।

### पीपीटी प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र अध्यक्ष एवं ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा कोरबा जिले में आयोजित पी 0 पी 0 टी0 प्रवेश परीक्षा 01 मई 2025 गुरुवार को पूर्वान्ह 09.00 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित होगी। कार्यालय कलेक्टर कोरबा के द्वारा परीक्षा के लिए अधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख दर्शित परीक्षा केन्द्रों में प्रशासनिक पर्यवेक्षक (आबजर्वर) नियुक्त किया गया है, तथा यह निर्देशित किया जाता है कि परीक्षा तिथि 01.मई 2025 को गोपनीय सामग्री प्राप्त करने हेतु अपने वाहन के साथ जिला कोषालय कोरबा में प्रात: 7:00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें। सभी पर्यवेक्षक संबंधित परीक्षा केन्द्रों की गोपनीय सामग्री प्राप्त कर परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्रों में पहुंचायेंगे एवं परीक्षा के प्रारंभ से परीक्षा समाप्ति तक व्यापम के निर्देशों का पालन करेंगे तथा गोपनीय सामग्री परीक्षा समाप्ति पश्चात् समन्वयक केन्द्र, शास0 पी0जी0 कालेज कोरबा में जमा करेंगें। समस्त प्रशासनिक पर्यवेक्षको( ऑब्जर्वर )की 30.अप्रैल 2025 को शास0 पी0जी0 कालेज कोरबा में दोपहर 12.00 बजे ब्रिफिंग हेतु बैठक रखी गई है। उक्त बैठक में सभी आब्जर्वर / रिजर्व आब्जर्वर / केन्द्राध्यक्षों / उड़नदस्ता दल को उपस्थित होना अनिवार्य है। परीक्षा हेतु अधिकारियों को ऑब्जर्वर एवं केंद्र अध्यक्ष बनाया गया है।

परीक्षा केंद्र शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रजगमार रोड कोरबा के केंद्र अध्यक्ष डॉ श्रीमती शिखा शर्मा (9406035998) ऑब्जर्वर श्री एम.एस. कंवर,उप संचालक, जिला योजना एवं सांख्यिकी कोरबा 9406416443, निर्मला इंग्लिश हायर सेकेंडरी रिसदी की केंद्र अध्यक्ष सुश्री सनी मेरी,ऑब्जर्वर श्री बी.पी.चतुर्वेदानी, सहा.अभियंता लो,स्वा. यांत्रिकी कोरबा, 9926818161 इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बालको,उरगा रिंग रोड, झगरहा कोरबा के केन्द्र अध्यक्ष श्री जी एल सोनकर 9893905053 तथा ऑब्जर्वर श्री प्रदीप साहू, सहा.अभियंता, पी एम.जी.एस वाय, कोरबा 7999645728 को बनाया गया है।

# सरिया व लकड़ी से मारपीट करने के मामले में 4 गिरफ्तार

**बाराद्वार।** विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी चैत राम डहरिया पिता स्व. संतु राम डहरिया उम्र 45 साल निवासी वार्ड क्रमांक 20 रायपुरा भांठापारा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 15.04.25 को सुबह अपने खेत का रखवाली करने गया था। रखवाली कर अपने घर वापस आ रहा था अपने गांव के पीपल पेड के पास पहूंचा था तब उसके गांव के सुमीत रात्रे, अमित रात्रे, गोपाल रात्रे, प्रदीप रात्रे आये प्रार्थी के मोबाईल को मांग रहे थे और बोल रहे थे कि हमारे दारू बनानें का जगह को देखने आये थे और विडियो बना रहे थे कहकर मोबाईल को ले लिया और देखने लगे मना करने पर प्रार्थी को मां बहन की गंदी गंदी गाली देते हुये जान से मारकर खत्म कर देगें कहकर सुमीत रात्रे द्वारा सरिया से बायां कान के उपर मारा एवं गोपाल रात्रे द्वारा बांस के डण्डा से पीठ में मारा एवं अमित रात्रे और प्रदीप रात्रे के द्वारा हांथ मुक्का से मारपीट किया, प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया ।



घटना के संबंध में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय हरीश यादव, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मनीष कुंवर सक्ती से आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर प्रकरण के घटना कारित फरार आरोपी की पतासाजी किया जा रहा था फरार आरोपीयो की अपने- अपने सकुनत ग्राम रायपुरा भांठा में आने की मुखबीर से सूचना मिलने पर त्वरित कार्यवाही कर दिनांक 28.04.25 को आरोपी,सुमित सतनामी उर्फ ननकी दाउ पिता गोपाल सतनामी उम्र 20 साल, अमित सतनामी उर्फ बड़े दाउ पिता गोपाल सतनामी उम्र 22 साल , गोपाल सतनामी पिता स्व. धनसाय सतनामी उम्र 46 साल, प्रदीप रात्रे पिता टाटा लाल रात्रे उम्र 19 साल सभी निवासी रायपुरा थाना बाराद्वार जिला सक्ती(छग) को गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर संबंधित न्यायालय पेश किया गया है। जिनके ऊपर धारा 296,351(3),115(2) ,118(1),3(5) ब्हस करवाई की गई है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक लखन लाल पटेल ,सउनि यश्वंत राठौर, प्रआर. श्रीकांत सेगर, आर. बुधेश्वर पटेल, आर. जितेन्द्र सिदार , आर. उमेंश सिदार का योगदान रहा।

## बीईओ कार्यालय में लेन-देन की शिकायत

**पामगढ़।** पामगढ़ के ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यलय की जाती है। इसकी शिकायत डीईओ आफिस में की गई है। इस मामले में सहायक शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारियों ने दखल देते हुए उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। गौरतलब है कि पामगढ़ ब्लाक के शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाबुओं के द्वारा शिक्षकों से अवैध उगाही का मामला सामने आया है। जिसमें ब्लाक के शिक्षकों से हर काम के एवज में मोटी रकम की मांग की जाती है। रुपए नहीं देने पर फाइल लटका दी जाती है।

जिसमें एरियर्स निकालना हो या फिर कोई अन्य मामला। हर मामले में कोई अन्य मामला है मामले भेट चढ़ावा हो जाए। इस संबंध में सोमवार को कल्पना डहरिया ने शिकायत दर्ज कराई कि उसका परीविक्षा अवधि खत्म हो चुका है। उसने बीईओ कार्यालय में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। 22 मार्च 2025 को उसने अपना पूरा दस्तावेज कार्यालय में जमा कर दी है लेकिन उसके ज्वाइनिंग वाले लिस्ट में नाम होने के बाद भी उसका नाम इसलिए नहीं जोड़ा क्योंकि उसने पुर्वेन बाबू को उसने पैसे नहीं दिए। कल्पना डहरिया ने मामले की।

**अनुकंपा नियुक्ति में भी पैसे की मांग के आरोप**

हद तो तब हो जाती है जब उक्त क्लर्क द्वारा अनुकंपा नियुक्ति मामले में भी पैसों की मांग की जाती है। सहायक शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष रविंद्र राठौर ने उक्त क्लर्क के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। नहीं तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस संबंध में हमने पामगढ़ बीईओ से बात करना चाहा लेकिन बीईओ ने फोन नही उठाया।

# फरहदा में गहराया जल संकट, जल जीवन मिशन की टंकी शोपीस बनकर

**अकलतरा।** ग्राम फरहदा में भूजल स्तर अत्यधिक नीचे गिरने के कारण ग्राम वासियों को पानी के लिए भीषण संकट का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि फरहदा में जल संकट के कारण लोग त्राहि त्राहि कर रहे हैं। एक और जहां गांव मे पूर्व मैं खोदे गए हेडपंप पानी नहीं उगल रहे हैं वहीं जल जीवन मिशन के टेप नल भी सूखे पड़े हैं।

भीषण गर्मी के बीच ग्राम वासियों को हैंडपंपों से पानी नहीं मिलने के कारण निस्तारी सहित अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शासन के द्वारा लाखों रुपए खर्च कर गांव में ल जीवन मिशन के अंतर्गत - टंकी निर्माण किया गया है एवं नल कनेक्शन बिछाया गया है लेकिन यह केवल शोपीस बनकर रह गया है। नव निर्वाचित सरपंच ममता सोहन विश्वकर्मा ने बताया कि उन्होंने अपने निजी व्यय में कई हेडपंपो को बनवाया है और कुछ हेडपंपो बनना बाकी है जिन्हें जल्दी ही सुधारा जाएगा। भू-जल स्तर नीचे चले जाने के कारण समस्या जल्द हल होने वाली नहीं है। तालाब का पानी भी कम हो गया है और लोगों को निस्तारण की समस्या आ रही है।

सरपंच ने बताया कि हम लोग महिला समूहों को समझा रहे हैं कि जल समस्या से निजात पाने जल संरक्षण करना जरूरी है इसलिए सचिव और सरपंच महिला समूहों को अपने घरों में सोख्ता गड्ढा बनाने की सलाह दे रहे हैं जिससे भू-जल स्तर बढे। इसके साथ ही एक दो जगह बोर भी करवाया जायेगा जिससे लोगों को कुछ राहत मिल सके। भीषण गर्मी के बीच ग्राम वासियों को हैंडपंपों से पानी नहीं मिलने के कारण निस्तारी सहित अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शासन के द्वारा लाखों रुपए खर्च कर गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत टंकी निर्माण किया गया है एवं नल कनेक्शन बिछाया गया है लेकिन यह केवल शोपीस बनकर रह गया है।

## वार्ड में विभिन्न कार्यों को लेकर पार्षद ने सीएमओ को कराया अवगत

**अकलतरा।** अकलतरा के वार्ड क्रमांक 11 में विभिन्न विकास कार्यो को लेकर पार्षद ने सीएमओ को अवगत कराया है। साथ ही इस दिशा में उचित पहल करने की मांग की है। ज्ञात हो कि वार्ड नंबर 11 पार्षद शेख सितारा मनोज टंडन के द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को वार्ड नंबर 11 के विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में पत्र के माध्यम से निर्माण कार्य हेतु आवेदन दिया गया। जिसमें मुख्य रूप से राम सागर तालाब के पास शासकीय जमीन पर नाला के ऊपर मुस्लिम भवन निर्माण कार्य, बनारसी के घर से लेकर अशरफ मौलाना के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य, मोहम्मद ताहिर खान के घर से लेकर मुखीराम बंजारे के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य, अभिषेक मिश्रा के घर से लेकर बुधराम सोनवानी के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य, आजाद चौक से लेकर नारू केंवट के घर तक सी सी रोड निर्माण कार्य, यादव मोहल्ला कै पीपर चौरा से लेकर यादव भवन तक सीसी रोड निर्माण कार्य एवं जैतस्तंभ से लेकर खुलन सोनवानी के घर से सहित वार्ड में विभिन्न विकास कार्य को लेकर अवगत कराया।

***बाराद्वार ।** नगर के कृषि उपज मंडी में कई महीनो से साहू होटल के द्वारा परिसर में कब्जा करके बैठे हैं जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी गहरी नींद में सो रहे हैं ऐसे प्रभारी अगर हर विभाग में होने लगे तो सरकार को भारी नुकसान होते रहेंगे मंडी को बनाया लकड़ी रखने का अड्डा इतने से भी मन नही भरा साहू होटल के संचालक का तो उसने सबसे पीछे की जगह जहा पर मंडी का अहाता है वहा पर अपना चूल्हा बनाया गया है ।

# नाबालिक से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया पामगढ़ पुलिस ने

**पामगढ़।** नाबालिक बालिका पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक रिमांड पर नाम आरोपी साहिल खरे उम्र 20 वर्ष साकिन मेकरी मण्डली चौक थाना पागगढ़ जिला जांजगीर चांपा।



मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि नाबालिक बालिका अपने घर में रात्रि में बाथरूम करने के लिए निकली थी तभी आरोपी पहले से छिपा था पीड़िता के आने पर उसको बेइज्जती करने के नियत से छेड़छाड़ करने लगा पीड़िता चिल्लाई तो आरोपी वहां से भाग गया कि रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना पामगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

नाबालिक बालिका पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 27.04.2025 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पामगढ़ उप निरीक्षक मनोहर सिन्हा एवं स्ढ संतोष बंजारे, महिला आरक्षक बालमती, मंजू सिंह, आरक्षक दीपक कश्यप एवं थाना पामगढ़ स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## शिक्षक मोर्चा ने नवपदस्थ कलेक्टर का किया स्वागत

**जांजगीर।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर जन्मेजय महोबे का शिक्षक संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने कार्यालय में भेंट कर बुके से स्वागत कर कलेक्टर के रूप में जिले की कमान संभालने पर हर्ष व्यक्त किए।साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य योजना पर भी मोर्चा द्वारा चर्चा किया गया।इस दौरान टीचर्स एसोसियेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला,टीचर्स एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, सयुक्त शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष विकास सिंह टीचर्स एसोसियेशन जिला सचिव डॉ बोधीराम साहू, शालेय शिक्षक संघ सचिव योगेन्द्र शुक्ला,विजय प्रधान,संजय दुबे,धनंजय शुक्ला,सुभाष शर्मा, राजकिशोर धीरही, संजय दुबे, सतीश स्वर्णकार, आरके सिंह, जी एल चौहान, संजय राठौर, अरुण शर्मा ,नरेंद्र तिवारी, चंद्रशेखर तिवारी, शैलेश दुबे ,शरद राठौर सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे

## हादसे में मौत, लोगों ने दिखाए तेवर

**जांजगीर-चांपा।** धान से भरे ट्रक की चपेट में आकर अधेड़ की मौके पर मौत हो गई। इस बीच गुस्साए लोग सडक पर उतर गए। वही मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। इस बीच प्रशासन एवं ट्रक मालिक के द्वारा करीब 60 हजार की सहायता राशि दिए जाने के बाद मामला शांत हुआ। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम धरदेई की है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के आक्रोशित ग्रामीणों ने किया हो हंगामा अनुसार घटना सोमवार 28 अप्रैल दोपहर 1 बजे की है। शिवरीनारायण क्षेत्र के ग्राम खोरसी निवासी रामकुमार साहू उम्र 50वर्ष किसी काम से अपने गांव खोरसी से शादी कार्ड बांटने के लिए शिवरीनारायण की ओर जा रहा था। इस दौरान धरदेई के पास उसकी बाइक को धान से भरे ट्रक ने ठोकर मार दी। घटना में रामकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। वही मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इधर घटना के बाद वाहन चालक मौका देखकर फरार हो गया। इधर घटना की जानकारी आसपास के लोगो ने पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस लिया है।

टीम मौके पर पहुंची। इस बीच ग्रामिण मुआवजे की मांग को लेकर सडक पर उतर गए। वही शासन एवं ट्रक मालिक के द्वारा करीब 60 हजार रूपऐ की सहायता राशि प्रदान किए जाने पर मामला शांत हुआ। घटना के बाद मृतक के शव का पंचनामा एवं पीएम की कार्यवाही कर शव परिजनो को सौप दी गई। पुलिस वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है। वही दुर्घटना कारित वाहन को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।


GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMEÀNT
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
MINIMATA (HASDEO) BANGO PROJECT, BILASPUR (C.G)

e-PROCURMENT TENDER NOTICE
eprocurment Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
CORRIGENDUM No.1

IN
NIT No. 07/SAC Dr. 01.04.2025 System Tender No.166400(2nd Call)

Whose G.No. 252600024due to including chhattsgarh goverment WRD Mantralays,Mahanadi Bhawan Nava Raipur,Atal Nagar Letter NO1664\7-7\s-2\31/2001Dated 09.04.2025and letter No1751/F-7-7/S-2/31/2001Dated 21.04.2025 in tender docoment FormB(EnvelopeC)following amendments are made:-

| S.No. | Particulars | Previous published | Ameadments as |
|---|---|---|---|
| 1. | Bid due dete &Time | Date 21.04.2025 (Time17.30Hrs) | Date 01.05.2025 (Time17.30Hrs) |
| 2. | Bid Open Start dete &Time | Date 22.04.2025 (Time11.30Hrs) | Date 02.05.2025 (Time11.30Hrs) |

Note:- All other tems and conditions of NITwill remain unchanged and the detoils amendments can be seen in chhattsgarh https://eproc.cgstate .gov.in website.

Executive Engineer
Hasdeo Barrage W/M Division
Rampur/Korba (C.G.)
G-252600517/6



कार्यालय आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़
website-www.tribal.cg.gov.in 0771-2263708 Emaill ctd.cgnirman@gmail.com
क्रमांक/निर्माण/768-69/2025-26/908 नवा रायपुर, दिनांक 25/04/2025

निविदा निरस्त करने की सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय निविदा क्रमांक /292, 295, 298 एवं 301 दिनांक 04.04.2025 को अपिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है निविदा प्रकाशन पुनः पृथक से जारी किया जावेगा।

(टी. चक्रवर्ती)
कार्यपालन अभियंता
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर ( छ.ग.)
जी/252600523/7


## लीनेस क्लब चांपा द्वारा निःशुल्क पेयजल प्याऊ केंद्र का शुभारंभ

**चांपा।** भीषण गर्मी में तपती सड़कों से गुजरते राहगीरों, श्रमिकों एवं नागरिकों के लिए जल सेवा को सर्वोच्च सेवा मानते हुए समाज सेवा में अग्रणी संस्थान लीनेस क्लब द्वारा बरपाली चौक में एक निःशुल्क पेयजल प्याऊ केंद्र का शुभारंभकिया।

इस अवसर पर एरिया ऑफिसर-2 लीनेस अणिमा प्रसाद ने कहा कि जल सेवा सबसे बड़ा धर्म है। पूर्व डिस्ट्रक्ट प्रेसिडेंट लीनेस चित्रलेखा चंदेल ने कहा कि जल सेवा ही जीवन सेवा है। डॉ. शरद बिरथरे, पूर्व डिस्ट्रक्ट प्रेसिडेंट, ने कहा-पेयजल सेवा सार्वजनिक स्थलों की सबसे जरूरी आवश्यकताओं में से एक है। लीनेस क्लब चांपा का यह प्रयास वास्तव में प्रशंसनीय और अनुकरणीय है। श्रीमती संगीता अग्रवाल, पूर्व डिस्ट्रक्ट प्रेसिडेंट, क्लब अध्यक्ष लीनेस कल्याणी केसरवानी, क्लब सचिव ममता अग्रवाल ने कहागर्मी में जल सेवा का कार्य न केवल राहगीरों को राहत देगा, बल्कि लोगों को समाज सेवा के लिए प्रेरित भी करेगा। लीनेस क्लब ने जनहित को ध्यान में रखते हुए इस पुण्य कार्य का शुभारंभ किया है। कोषाध्यक्ष डॉ. कुमुदिनी द्विवेदी ने कहा कि आज के समय में जब जल संकट बढ़ता जा रहा है। संचालन कोषाध्यक्ष डॉ. कुमुदिनी द्विवेदी ने किया। सचिव लीनेस ममता अग्रवाल ने प्रति आभार व्यक्त किया।

## यातायात पुलिस का सख्त अभियान जारी, चालकों का काटा गया चालान

**चांपा।** चांपा नगर में यातायात पुलिस का सख्त अभियान जारी है। इसी के तहत पुलिस द्वारा नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए चालान काटा गया।इस संबंध अनुसार नगर के परशुराम चौक स्थित यातायात पुलिस ने बुलेट में अवैध सेलेन्शर लगाने, प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने, तीन सवारी बैठाने तथा शराब पीकर वाहन चलाने जैसे नियम उल्लंघनोंपर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर में लगातार यह शिकायत मिल रही थी कि नाबालिग तेज रफ्तार से वाहन चला रहे हैं और हाई स्पीड ड्राइविंग से आमजन की जान को खतरा हो रहा है। इन शिकायतों के मद्देनजर यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत यातायात नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियम तोड़ने वालों पर तत्काल चालानी कार्रवाई की जाएगी।

# जांजगीर-चांपा में मिनी वर्ग शतरंज चैम्पियनशिप का सफल आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** जिला शतरंज संघ राज्य शतरंज संघ से संबद्ध द्वारा 27 अप्रैल 2025 रविवार को होटल हरियाली हेरिटेज में मिनी वर्ग शतरंज चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले के प्रतिभाशाली बाल खिलाड़ियों को मंच प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित करना रहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं ओलंपिक संघ के पदाधिकारी अमर सुल्तानिया ने कहा शतरंज एक ऐसा खेल है जो बच्चों में निर्णय लेने की क्षमता एकाग्रता धैर्य और रणनीतिक सोच को विकसित करता है। आज के युग में मानसिक विकास के लिए शतरंज खेल अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य शशि राठौर तथा प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड पीआईएल प्रबंध समिति की ओर से वीएन बाजपेई तथा समाजसेवी शशांक राठौर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रत्येक आयु वर्ग में बालक एवं बालिका वर्ग के प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान को ट्रॉफी तथा तृतीय स्थान को मोमेंटो प्रदान किया गया। तथा प्रत्येक खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता में चयनित प्रत्येक आयुवर्ग से दो-दो बालक बालिकाओं का चयन एकेडमिक



वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में 15 से 19 मई को आयोजित राज्य स्तरीय मिनी चेस चैम्पियनशिप के लिए चयन किया गया। अंडर. 13 टूर्नामेंट फिडे रेटेड टूर्नामेंट है। कार्यक्रम के आयोजन में जिला शतरंज संघ अध्यक्ष देवेंद्र कुमार राठौर, सचिव गिरधर गोपाल उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष लोकेश यादव जयंती यादव संत राम यादव धीरेन्द्र राठौर राजेश देवांगन मनीष सूर्यवंशी सहित संघ के अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

अंडर-7 वर्ग अडविक चंदेल प्रथम अनंतवीर सिंह द्वितीय। अंडर.9 वर्ग वेदांश यादव प्रथम योगांश राठौर द्वितीय आशुतोष तिवारी तृतीय। अंडर 11 बॉयज वर्ग अभिनीत एलेक्स लकड़ा प्रथम विवान सोनी द्वितीय तेजस तिवारी तृतीय। अंडर. 11 गर्ल्स वर्ग आर्या अग्रवाल प्रथम स्थान पर। अंडर. 13 गर्ल्स वर्ग हिमानी साहू प्रथम सुकृति साहू द्वितीय रिमझिम केवट तृतीय। अंडर 13 बॉयज वर्ग परितोष साहू प्रथम प्रखर पटेल द्वितीय तन्मय अग्रवाल तृतीय रहीं।

## 30 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 1 मई से 30 मई तक

**सक्ती ।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर के निर्देशानुसार तथा जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग सक्ती के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 30 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाना है। जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त प्रशिक्षण शिविर में सक्ती जिले के जूनियर एवं सब जूनियर वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को निम्नांकित खेल विधा बैडमिंटन, बालीबाल, फुटबाल, कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स तथा ओलंपिक में शामिल खेलों का प्रशिक्षण दिनांक 01 मई 2025 से 30 मई 2025 तक सुबह 05 बजे से 07 बजे तक एवं शाम 04.30 बजे से 06.30 बजे तक नंदेली भांठा मैदान सक्ती में प्रशिक्षण दिया जाना है। उपरोक्त खेल प्रशिक्षण शिविर में सक्ती जिले के बालक व बालिका खिलाड़ी जिनकी आयु 18 वर्ष से कम है, उक्त खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग ले सकते है।


न्यायालय तहसीलदार
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छग)
ईश्तहार

ई-कोड क्र. ................/ब-121/2025
सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर राजस्व निरीक्षक बैकुण्ठपुर तहसीलदार बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छत्तीसगढ़ तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार पाण्डेय पिता ओम प्रकाश पाण्डेय निवासी बैकुण्ठपुर तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आय एवं सम्पति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप में पुत्री अशी पाण्डेय के लिए प्रमाण पत्र प्रदाय करने का आवेदन पेश किया गया है। आवेदक आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, फार्म-16, ऋण पुस्तिका की छायाप्रति अंकसूची की छायाप्रति संलग्न किया गया है।
उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 7/5/2025 तक स्वयं या अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभावक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।
सील
तहसीलदार
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छग)



न्यायालय तहसीलदार
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छग)
ईश्तहार

ई-कोड क्र. ................/ब-121/2025
सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर राजस्व निरीक्षक बैकुण्ठपुर तहसीलदार बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छत्तीसगढ़ तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार पाण्डेय पिता ओम प्रकाश पाण्डेय निवासी बैकुण्ठपुर तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आय एवं सम्पति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप में पुत्री मानसी पाण्डेय के लिए प्रमाण पत्र प्रदाय करने का आवेदन पेश किया गया है। आवेदक आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, फार्म-16, ऋण पुस्तिका की छायाप्रति अंकसूची की छायाप्रति संलग्न किया गया है।
उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 7/5/2025 तक स्वयं या अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभावक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।
सील
तहसीलदार
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छग)



न्यायालय तहसीलदार
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छग)
ईश्तहार

ई-कोड क्र. ................/ब-121/2025
सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर राजस्व निरीक्षक बैकुण्ठपुर तहसीलदार बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छत्तीसगढ़ तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक पाल पिता तपेश्वर पाल निवासी स्कूल पारा बैकुण्ठपुर तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आय एवं सम्पति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप में पुत्र आर्यन कुमार पाल के लिए प्रमाण पत्र प्रदाय करने का आवेदन पेश किया गया है। आवेदक आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, फार्म-16, ऋण पुस्तिका की छायाप्रति अंकसूची की छायाप्रति संलग्न किया गया है।
उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 9/5/2025 तक स्वयं या अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभावक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।
सील
तहसीलदार
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छग)



न्यायालय सक्षम अधिकारी/अ.वि.अ.
(रा.) कोरबा जिला-कोरबा, (छग)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.-/अ-2/2024-25
ग्राम-औराकछार प.ह.नं. 3
तहसील अजगरबहार जिला-कोरबा छ.ग.
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्री लाल मोहम्मद केसर एवं श्री रजी अहमद पिता अब्दुल जलील जाति मुसलमान (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम नगोईखार तह. दर्री जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम औराकछार प.ह.नं. 3 तहसील व जिला कोरबा में स्थित भूमि ख.नं. 75/2 रकबा 0.210 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण करने नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 23/05/2025 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
सील
सक्षम अधिकारी/अ.वि.अ.(रा.)
जिला-कोरबा (छग)



न्यायालय सक्षम अधिकारी/अ.वि.अ.
(रा.) कोरबा जिला-कोरबा, (छग)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.-/अ-2/2024-25
ग्राम-औराकछार प.ह.नं. 3
तहसील अजगरबहार जिला-कोरबा छ.ग.
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्री लाल मोहम्मद केसर पिता अब्दुल जलील जाति मुसलमान (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम नगोईखार तह. दर्री जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम औराकछार प.ह.नं. 3 तहसील व जिला कोरबा में स्थित भूमि ख.नं. 81/1 क रकबा 0.129 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण करने नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 23/05/2025 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
सील
सक्षम अधिकारी/अ.वि.अ.(रा.)
जिला-कोरबा (छग)


# अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार समय-सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों में चल रहे कार्यों की गहन समीक्षा कर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खनिज, राजस्व अधिकारियों को अवैध खनन परिवहन व भंडारण करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की एवं सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को प्राप्त आवेदनों को स्वयं पढ़ कर त्वरित निराकरण करने एवं समाधान शिविर हेतु आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत दिए जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी ली । कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के कार्यान्वयन की जानकारी लेते लक्ष्य अनुरूप अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए साथ ही सर्व एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ जनपद सहित संबंधित अधिकारियों को अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने महतारी वंदन योजना,राशन कार्ड का शत प्रतिशत ई-केवाईसी एवं आधार सीडिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियो को अवैध प्लाटिंग एवं अवैध अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करने, सभी विभागो को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न समिति का गठन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी स्कूलों में समर कैम्प लगाने व समर कैम्प में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कराने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने बैठक में डायवर्सन के प्रकरण, नक्शा बटांकन की जानकारी, विवादित खाता विभाजन, विवादित नामांतरण, अविवादित नामांतरण, सीमांकन के प्रकरण की जानकारी ली।

## अनमोल वचन......

**हार मत मानो हमेशा अगला मौका जरूर आता है.**

## निशिकांत दुबे का तल्ख अंदाज

वक्फ (संशोधन) अधिनियम के कुछ विवादास्पद प्रावधानों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा सवाल उठाए जाने पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने तल्ख अंदाज में सुप्रीम कोर्ट पर निशाना साधते हुए कहा कि कानून यदि शीर्ष अदालत ही बनाएगी को संसद भवन को बंद कर देना चाहिए। दुबे ने 'एक्स' कर अपने पोस्ट में अपने कथन की बिना व्याख्या किए यह सब लिखा है। इसी तरह का बयान भाजपा के राज्य सभा सदस्य दिनेश शर्मा ने भी दिया है। अपने नेताओं के बयानों से घिरी भाजपा ने औपचारिक रूप से खुद को इन बयानों से अलग कर लिया है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शब्द कहा कि दुबे या शर्मा के बयान उनके व्यक्तिगत विचार है, और पार्टी इनसे सहमत नहीं है। भाजपा सांसदों के बयानों पर कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने पलटवार करते हुए इन बयानों को अपमानजनक बताया। दुबे और शर्मा की टिप्पणियां ऐसे समय आई हैं, जब वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शीर्ष अदालत में सुनवाई चल रही है। यह अधिनियम इस महीने की शुरुआत में संसद ने पारित किया था। अदालत द्वारा इस कानून के कुछ विवादास्पद प्रावधानों पर सवाल उठाए जाने के बाद केंद्र सरकार ने अगली सुनवाई तक उन्हें लागू न करने पर सहमति व्यक्त की है।

इससे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा था कि देश में ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे और कार्यकारी जिम्मेदारी निभाएंगे और 'सुपर संसद' के रूप में काम करेंगे। दरअसल, धनखड़ सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का जिक्र कर रहे थे जिसमें राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर विधेयक पर फैसला लेने की समय-सीमा तय की गई है। उनका कहना था कि पहली दफा है जब राष्ट्रपति को तय समय में फैसला लेने को कहा जा रहा है। शीर्ष अदालत द्वारा कोई सवाल उठाने या मौखिक टिप्पणी करने पर असहज होना परिपक्वता की कमी का परिचायक है। वैसे भी ये सवाल किसी राजनीतिक दल या व्यक्ति द्वारा नहीं उठाए थे कि इनमें राजनीतिक अर्थ खोजे जाएं। सुप्रीम कोर्ट और देश की तमाम अदालतें हमारे लोकतंत्र का अभिन्न अंग हैं। संविधान के संरक्षण का मजबूत आधार हैं। उत्पीड़ित महसूस कर रहा पक्ष अदालत का दरवाजा खटखटाता है। उसे विश्वास होता है कि उसका पक्ष अनसुना नहीं रहेगा। अदालतों पर उसका विश्वास है, जो किसी सूरत डमगमाना नहीं चाहिए। राजनीतिक मंतव्यवश हल्की बयानबाजी से बचा चाहिए।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीतेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आगमन हो सकता है। माता दुर्गा के आशीर्वाद से आपके रुके हुए काम सफल होंगे। छात्र खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। आज आपके दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएंगी। व्यापार की गति बढ़ाने के लिए आज आप नया प्लान बनायेंगे। माता को लाल चुनरी चढ़ाए, रुके हुए पैसे वापस मिलेंगे।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए फेबरेबल रहने वाला है। आज आपके परिवार में नई खुशियाँ आएंगी। आज आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी। अगर आँख से सम्बंधित समस्या है तो किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं। आज आपको पैसों के लेन-देन में सावधान रहने की जरूरत है। मां दुर्गा को पान का पत्ता अर्पित करें, मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। नया ऑफिस ज्वाइन करना चाहते हैं तो समय आपका साथ देगा। कार्य क्षेत्र में सफलता हासिल होगी। आज नौकरी में उल्लास का माहौल बनेगा। डॉक्टर्स आज अपने सीनियर से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करेंगे। इस राशि के इंजीनियर के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। माता के आगे माथा टेके, कारोबार में बढ़ोतरी होगी।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज दोस्तों के साथ बाहर खाने का प्लान बनायेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सोच समझकर फैसला लेना चाहिए। आज आप नया सामान खरीदने का मन बना सकते हैं। आज अपने व्यापार में बदलाव लायेंगे, इससे आपको अच्छा मुनाफा होगा। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। व्यापार में अनुकूल स्थितियां बनी रहेंगी। आज आपको बड़ों का सहयोग मिलेगा। आज बच्चों के साथ आप समय बिताएंगे। आज आपको वाहन सुख के योग बन रहे हैं। बुजुर्गों की धार्मिक कार्यों में आस्था बढ़ेगी। लवमेट आज एक दूसरे की भावनाओं की कद्र करेंगे।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। बिजनेस मैन की रुकी डील आज फाइनल होगी। आज नए क्लाइंट्स के साथ मीटिंग करेंगे। अविवाहितों के चल रहे रिश्ते की बात जल्द पक्की होगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बितायेंगे। किसी के सहयोग से आपको लाभ होगा।

**तुला राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। इस राशि के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी समझदारी से करनी चाहिए, सफलता के योग बने हुए हैं। माता-पिता की जिम्मेदारियों को उठाने का पूर्ण प्रयास करेंगे। आज अचानक धन लाभ होने के योग बने हुए है। लवमेट आज अपने रिश्ते की बात घर वालों से करेंगे।

**धनु राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकते हैं आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहायता करेंगे। आज आपको सफलता की नयी किरण दिखाई देगी। काफी समय से वाहन लेने का मन बना रहे हैं तो आज वाहन लेने में समय आपका साथ देगा।

**मकर राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप व्यापार के लिए मशीनरी उपकरण खरीदने का मन बना सकते हैं। परिवार के सदस्यों में प्रेम भाव बढ़ेगा। लवमेट को मनचाहा उपहार मिलेगा। आर्ट्स के छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा। नयी कलाकृति दोस्तों को पसंद आयेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। माँ स्कन्दमाता को मीठे का भोग लगायें, किस्मत का साथ मिलता रहेगा।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। संतान पक्ष से सहयोग मिलेगा, रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। अगर आपके घर का निर्माण कार्य चल रहा है तो जल्द पूरा हो जायेगा। आज आपको प्रमोशन से जुडी खबर मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ तालमेल बेहतर बनेगा, साथ में किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जायेंगे। परिवार के साथ माता दुर्गा की पूजा करें, जीवन में खुशियाँ बनी रहेंगी।

**मीन राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी मेहमान के आने से उनके सत्कार की तैयारियों में व्यस्त रहेंगे। आज आपको आय के नए साधन मिलेंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सिविल इंजीनियर्स का चल रहा प्रोजेक्ट आज पूरा हो जायेगा। आज आपकी सकारात्मक सोच कार्यों में सहयोग करेगी।

# छत्तीसगढ़ में लिखा जा रहा है ग्रामीण आवास क्रांति का नया इतिहास

//नसीम अहमद खान//

**मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य में इन दोनों ग्रामीण विकास एवं सामाजिक सशक्तिकरण का एक नया इतिहास लिखा जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार एक अभिनव अभियान मोर दुवार- साय सरकार के माध्यम से गरीब ,वंचित और आवासहीन परिवारों के यहां दस्तक देकर उन्हें सम्मान के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के घर का अधिकार देने में जुटी है।**

मुख्यमंत्री श्री साय ने बीते दिनों जगदलपुर प्रवास के दौरान घाटपदमपुर ग्राम से इस अभियान की शुरुआत की थी। प्रधानमंत्री आवास योजना का तेजी से और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है । इस बात को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री का पद संभालने के दूसरे दिन ही कैबिनेट की पहली बैठक में 18 लाख परिवारों को आवास की स्वीकृति प्रदान कर स्पष्ट कर दिया था। छत्तीसगढ़ सरकार इस अभियान के माध्यम से प्रत्येक पात्र परिवार को पक्का आवास देने के अपने संकल्प को पूरा कर रही है।

छत्तीसगढ़ में चल रही ग्रामीण आवास क्रांति का ही यह परिणाम है कि अब गांवों में विशेषकर पिछड़े और गरीब तबके की बस्तियों में मिट्टी के जीर्णशीर्ण घरों और बांस- बल्ली के सहारे टिकी घास-फूंस की झोपड़ी की जगह अब साफ-सुथरे पक्के मकान बने हुए अथवा बनते दिखाई देने लगे हैं। राज्य के मैदानी इलाकों से लेकर सुदूर वनांचल का कोई ऐसा गांव अथवा मजरा- टोला नहीं, जहां 8-10 पक्के घर, प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए हाल- फिलहाल में न बने हों। यह योजना न केवल लाखों गरीब परिवारों को छत दे रही है, बल्कि रोजगार, व्यापार और उद्योगों को भी गति प्रदान कर रही है। इससे सीमेंट, ईट, सरिया और निर्माण सामग्री से जुड़े व्यवसाय में तेजी आयी है। यह जनकल्याण और आर्थिक विकास का एक संतुलित मॉडल है।

छत्तीसगढ़ राज्य को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए कुल 11,50,315 ग्रामीण आवासों का लक्ष्य प्रदान किया गया है, जिसमें से अब तक 9,41,595 आवासों की स्वीकृति दी जा चुकी है। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा छत्तीसगढ़ प्रवास दौरान राज्य को अतिरिक्त 3 लाख आवासों की स्वीकृति देने से यह प्रयास और भी व्यापक हो गया है। यह छत्तीसगढ़ के इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी ग्रामीण आवासीय पहल है।

राज्य सरकार समाज के सभी वर्ग के पात्र परिवारों के साथ-साथ बैगा, कमार, पहाड़ी कोरवा, अबूझमाड़िया एवं बिरहोर विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पक्का आवास उपलब्ध करा रही है। महासमुंद जिले के धनसुली गांव की कमार बस्ती में 15 से अधिक कमार परिवारों को पीएम जनमन योजना के अंतर्गत पक्के आवास उपलब्ध कराए गए हैं। इससे इन जनजातीय परिवारों के जीवन में स्थायित्व आया है और वे शासन की अन्य योजनाओं से भी लाभान्वित हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार का मोर दुवार- साय सरकार अभियान 30 अप्रैल तक तीन चरणों में संचालित है, जिसमें पात्र हितग्राहियों का घर-घर जाकर सर्वेक्षण करना और ग्राम सभाओं के माध्यम से सूची का वाचन और शत-प्रतिशत पात्र परिवारों का कवरेज सुनिश्चित करने के साथ ही सर्वेक्षण पूर्ण करने वाले कर्मियों का सार्वजनिक सम्मान किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा गांव में जाकर सर्वेक्षण कार्य का शुभारंभ करना और हितग्राहियों से उनके बारे में जानकारी लेना इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर पूरी तरह संवेदनशील और संकल्पित है।

इस अभियान को जन अभियान का स्वरूप देने के लिए जनप्रतिनिधियों, जनसेवियों और स्थानीय कलाकारों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। पीएम आवास पंचायत एम्बेसडर के रूप में नामित व्यक्तियों द्वारा भी लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। गृह पोर्टल के माध्यम से पारदर्शिता एवं जानकारी की सहज उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अतिरिक्त, राज्य में जरूरत मंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत 47,090 आवासों के निर्माण के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 38,632 आवास स्वीकृत किए गए हैं। राज्य सरकार की विशष पहल पर आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं नक्सल पीड़ितों परिवारों के लिए 15,000 विशेष आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनका निर्माण कराया जा रहा है। पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों के लिए 42,326 आवास के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अब तक 27,778 आवासों की स्वीकृति दी जा चुकी है, जिसमें से 6,482 आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है। नियद-नेल्ला-नार योजना के अंतर्गत अब तक 477 आवास पूर्ण कराए गए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन बिलासपुर से 3 लाख हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराना इस योजना की सफलता है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा 18 लाख पात्र हितग्राहियों को आवास से वंचित रखा गया। छत्तीसगढ़ सरकार अब हर हितग्राही को उसका अधिकार दिलाने की दिशा में काम कर रही है। मोर दुवार- साय सरकार महाअभियान शासन की संवेदनशीलता, नीति की पारदर्शिता और जनता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह अभियान केवल योजना की सफलता नहीं, बल्कि एक मजबूत, सशक्त और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# न्यायिक नियुक्ति आयोग के खात्मे का दर्द नहीं भूली केंद्र सरकार

//योगेंद्र योगी //

**सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार की इस मंशा को भाप गया था। वर्ष 2015 में दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को असंवैधानिक बताते हुए निरस्त कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जजों की नियुक्ति में न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बनाए रखना महत्वपूर्ण है और यायिक आयोग इस स्वतंत्रता को खतरे में डालता है।**



राज्यपाल और राष्टपति के बिल रोकने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों से केंद्र सरकार से उत्पन्न टकराहट की जड़ में न्यायिक नियुक्ति आयोग पर दिया गया फैसला है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर केंद्र सरकार द्वारा संसद में पारित किए गए न्यायिक नियुक्ति आयोग को निरस्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम व्यवस्था को जारी रखा था। इस आयोग के जरिए केंद्र सरकार चाहती थी कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में उसकी भी भूमिका होनी चाहिए। अकेले सुप्रीम कोर्ट को यह हक नहीं होना चाहिए कि अपने चहेते न्यायाधीशों की नियुक्ति करे। केंद्र सरकार की न्यायिक आयोग बनाए जाने की मंशा यही थी कि महत्वपूर्ण मुद्दों पर उसके द्वारा चयनित न्यायाधीशों के मौजूद होने से पक्ष में फैसला होने की संभावना रहेगी। न्यायिक आयोग में सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीशों के साथ केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों का भी प्रावधान किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार की इस मंशा को भाप गया था। वर्ष 2015 में दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को असंवैधानिक बताते हुए निरस्त कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जजों की नियुक्ति में न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बनाए रखना महत्वपूर्ण है और न्यायिक आयोग इस स्वतंत्रता को खतरे में डालता है। इस फैसले पर भी खूब वाद-विवाद हुआ था। न्यायिक आयोग के जरिए केंद्र सरकार पर सुप्रीम कोर्ट में दखलंदाजी करने और इसे राजनीतिक अखाड़ा बनाने की बात कही गई थी। दूसरी तरफ न्यायिक आयोग की पैरवी करने वाले केंद्र सरकार के पैरवीकारों का कहना था कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में भाई-भतीजावाद हावी है। आयोग के निरस्त होने का रंज केंद्र सरकार को अभी तक है। इसी वजह से राज्यपाल और राष्ट्रपति के बिल रोकने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से केंद्र सरकार से छत्तीस का आंकड़ा बन गया है। तमिलनाडु बनाम राज्यपाल मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल की तरह राष्ट्रपति के लिए भी दी समय-सीमा बताई है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा सुरक्षित रखे गए विधेयकों पर 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। राज्य राष्ट्रपति की निष्क्रियता के खिलाफ अदालत जा सकते हैं। इस अवधि से अधिक किसी भी देरी के मामले में, उचित कारणों को दर्ज करना होगा और संबंधित राज्य को बताना होगा। राज्यों से यह भी अपेक्षित है कि वे सहयोगात्मक बनें तथा उठाए जाने वाले प्रश्नों के उत्तर देकर सहयोग प्रदान करें तथा केंद्र सरकार द्वारा दिए गए सुझावों पर शीघ्रता से विचार करें। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद राजनीतिक बवंडर आ गया। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट के एक फ़ैसले को लेकर न्यायपालिका के बारे में सख्त टिप्पणी कर दी। उन्होंने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। उप राष्ट्रपति ने इसकी ओर इशारा करते हुए कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 एक ऐसा परमाणु मिसाइल बन गया है जो लोकतांत्रिक ताक़तों के खिलाफ न्यायपालिका के पास चौबीसों घंटे मौजूद रहता है। उन्होंने कहा कि देश में ऐसी स्थिति नहीं हो सकती कि आप राष्ट्रपति को निर्देश दें। सुप्रीम कोर्ट को ये अधिकार किसने दिया है और वो किस आधार पर ऐसा कर सकता है।

गौरतलब है कि संविधान का अनुच्छेद 142 सुप्रीम कोर्ट को ये अधिकार देता है कि वो पूर्ण न्याय करने के लिए कोई भी आदेश, निर्देश या फ़ैसला दे सकता है चाहे वो किसी भी मामले में क्यों न हो। लेकिन उप राष्ट्रपति ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट सिर्फ संविधान की व्याख्या कर सकता है। धनखड़ ने कहा कि हमारे पास ऐसे जज हैं जो अब कानून बनाएंगे, कार्यपालिका का काम करेंगे और एक सुपर संसद की तरह भी काम करेंगे और कोई जिम्मेदारी नहीं लेंगे, क्योंकि इस देश का क़ानून उन पर लागू तो होता नहीं। उप राष्ट्रपति ने हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के दिल्ली आवास से कथित तौर पर जले नोट मिलने के बाद भी एफआईआर दर्ज न होने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि ये घटना किसी आम आदमी के घर में होती तो बिजली की गति से कार्रवाई होती। लेकिन यहां तो बैलगाड़ी की रफ़्तार से भी कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा का चुनाव हो या लोकसभा का हर सांसद, विधायक और उम्मीदवार को अपनी संपत्ति घोषित करनी होती है लेकिन वे (जज) ऐसा कुछ नहीं करते। इस पर पलटवार करते हुए डीएमके राज्यसभा सांसद तिरुचि शिवा ने कहा कि संविधान की रक्षा करने का अधिकारी होने से किसी व्यक्ति को ये अधिकार नहीं मिल जाता कि वो संसद में पारित विधेयकों को अनिश्चित काल तक रोक कर रख सकता है। सीपीआई नेता डी राजा ने कहा कि लोकतांत्रिक ढांचे को बचाए रखने लिए चेक एंड बैलेंस जरूरी है। संविधान का अनुच्छेद 74(1) यह साफ कहता है कि राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से बंधे हैं। राष्ट्रपति सर्वोच्च संवैधानिक पद पर रहते हुए, ऐसे मामलों में स्वतंत्र विवेक का इस्तेमाल नहीं करते। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति की टिप्पणी आरएसएस-भाजपा की ओर से विपक्ष के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों को कमज़ोर करने के लिए राज्यपाल की शक्तियों के दुरुपयोग को सही ठहराती है। हाल के वर्षों में ऐसी प्रवृति ख़तरनाक ढंग से बढ़ी है।

सीनियर एडवोकेट और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर कार्यपालिका अपना काम नहीं कर रही है, तो न्यायपालिका को हस्तक्षेप करने का पूरा अधिकार है। सिब्बल ने उपराष्ट्रपति के बयानों को राजनीतिक करार देते हुए कहा कि उन्होंने आज तक किसी राज्यसभा सभापति को ऐसे बयान देते नहीं देखा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति केवल नाममात्र की प्रमुख हैं। वे कैबिनेट की सलाह और स्वीकृति पर कार्य करते हैं। उनके पास कोई व्यक्तिगत निर्णय लेने की शक्ति नहीं होती। सिब्बल ने कहा कि अगर कार्यपालिका अपना काम नहीं कर रही है, तो न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना चाहिए। ऐसा करना उनका अधिकार है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि न्यूक्लियर मिसाइल तो नोटबंदी थी, तब किसी को तकलीफ नहीं हुई। दरअसल सत्तारुढ राजनीतिक दलों के राजनीतिक उद्देश्य होते हैं, जब ये संविधान के दायरे में पूरा नहीं होते तब अदालतों से टकराहट की नौबत आती है। इसकी पुनरावृत्ति निश्चित तौर पर लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए घातक है। ऐसे विवादस्पद मुद्दों को सभी पक्षों को मिलबैठ कर निपटाने से ही देश की संवैधानिक विविधता और एकता-अखंडता मजबूत रहेगी।

## तस्वीरों की दुनिया



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पहलगाम आतंकवादी हमले पर आयोजित विशेष सत्र के दौरान बोलते हुए।




कांग्रेस वॉर रूम में समन्वयक समिति की बैठक के दौरान राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद रविशंकर प्रसाद ने नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।



भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार ने नई दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के निजी कागजात संग्रह का अधिग्रहण किया। डॉ. कलाम के परिवार के सदस्य भी मौजूद हैं।




भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के पास पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।




दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयुष्मान वय वंदना योजना वितरण कार्यक्रम के दौरान एक लाभार्थी के साथ।

# जिपलाइन ऑपरेटर ने तीन बार बोला अल्लाह हू अकबर, आतंकी बरसाने लगे गोलियां, चश्मदीद ऋषि का चौंकाने वाला खुलासा



**श्रीनगर।** पहलगाम के बैसरन में जब आतंकी गोलियां बरसा रहे थे तो एक जिपलाइन आपरेटर पर्यटकों को बचाने के बजाए तीन बार अल्लाह हू अकबर का नारा लगाते हुए उन्हें तार पर लटकी लिफ्ट पर आगे धकेल रहा था। हमले की जांच कर रही एनआईए ने सोमवार को जिपलाइन ऑपरेटर समेत छह लोगों को कथित तौर पर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इनमें से पांच ने वीडियो शूट किए हैं। इस नरसंहार की जांच कर रही सुरक्षा एजेंसियों ने 188 विभिन्न सेवा प्रदात्ताओं व होटल ऑपरेटर को कथित तौर पर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इस बीच, श्रीनगर में पुलिस ने 36 पूर्व और सक्रिय आतंकियों व उनके ओवरग्राउंड वर्करों (मददगारों) के ठिकानों की तलाशी ली है। इनमें एक महिला भी है। हमले की जांच कर रही एनआईए ने इस मामले में चिह्नित किए गए सभी संदिग्धों और नरसंहार के समय मौके पर मौजूद रहे सभी लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। इस बीच, सोमवार को हिरासत में लिए गए जिपलाइन ऑपरेटर का नाम कथित तौर पर मुजम्मिल अहमद बताया जा रहा है। 22 अप्रैल को जब आतंकियों ने बैसरन में हमला किया तो उस समय वह गुजरात से सपरिवार कश्मीर घूमने आए ऋषि कुमार नामक पर्यटक को जिपलाइन की सैर करा रहा था।ऋषि कुमार ने जिपलाइन की सैर का वीडियो तैयार किया है और उन्होंने बताया कि हमले के अगले दिन 23 अप्रैल को जब वह वीडियो देख रहे थे तो उस समय उन्होंने ध्यान दिया कि गोलियों की आवाज गूंजने पर लिफ्ट आपरेटर ने कम से कम तीन बार अल्लाह हू अकबर कहा और ऐसे व्यवहार किया जैसे कुछ हुआ ही नहीं हो। ऋषि ने कहा कि मुझसे पहले मेरी पत्नी और बच्चों को जिपलाइन पर भेजा था, मेरा आठवां नंबर था। गोलियों की आवाज के बावजूद जिपलाइन ऑपरेटर सामान्य रहा और नारा लगाने लगा, जबकि उसने पहले ऐसा नहीं किया।

गोलियों की आवाज पर उसने हमें नहीं रोका, इसलिए संदेह होता है और उससे पूछताछ होनी चाहिए। इस बीच, सूत्रों के अनुसार, एनआईए ने सोमवार को छह लोगों को कथित तौर पर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इनमें से पांच ने घटना का वीडियो तैयार किया, लेकिन इसके बारे में पुलिस या किसी अन्य सुरक्षा एजेंसी को सूचित नहीं किया। यह पता लगाया जा रहा है कि उन्होंने यह वीडियो क्यों अभी तक संबंधित सुरक्षा एजेंसियों को नहीं दिया।

इसके अलावा एनआइए ने एक अन्य युवक, जिसने हमले के समय अपनी जान बचाने के लिए पेड़ पर चढ़ना बेहतर समझा, द्वारा तैयार हमले की वीडियो फुटेज की भी जांच शुरू कर दी है। उससे भी चार घंटे तक लगातार पूछताछ हुई है, लेकिन उसे हिरासत में लिए जाने की पुष्टि नहीं हो पाई है।सूत्रों ने बताया कि जिपलाइन ऑपरेटर ने कथित तौर पर कहा है कि उसे लगा था कि गोलियां कहीं दूर चली हैं और उसने अल्लाह हू अकबर का नारा आदतन लगाया था।

## सिंधु नदी पर बन रही नहरों के खिलाफ सिंध में उग्र प्रदर्शन, शहबाज सरकार को दी जा रही खुली धमकी



**इस्लामाबाद।** पहलगाम हमले के बाद भारत ने भले ही अभी सिंधु नदी का पानी पूरी तरह नहीं रोका, लेकिन पाकिस्तान में सिंधु नदी के पानी के लिए आंदोलन चल रहा है।सिंध प्रांत में सिंधु नदी पर विवादास्पद नहरों के निर्माण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन सोमवार को और उग्र हो गया। सिंध के लोगों का कहना है कि नहर बनने से उन्हें पानी की किल्लत होगी, क्योंकि उनके हिस्से का पानी दूसरों राज्यों तक पहुंचाया जाएगा।सिंध को पंजाब से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग प्रदर्शन के चलते कई दिनों से अवरुद्ध है, जिससे लगभग 12 हजार मालवाहक वाहन फंस गए हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा बुलाई गई बैठक में भी कोई फैसला नहीं हो सका।बैठक में पाकिस्तान के चारों प्रांतों के मुख्यमंत्रियों के साथ ही वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब, स्वास्थ्य मंत्री मुस्तफा कमाल और कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने भाग लिया। इस बीच, सिंध में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की प्रांतीय सरकार ने धमकी दी कि अगर संघीय सरकार नहरों के निर्माण की अपनी योजना जारी रखती है तो वे संघीय सरकार से बाहर हो जाएंगे।प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो को आश्वासन दिया है कि प्रांतों के बीच सहमति के बिना नहर निर्माण के संबंध में कोई एकतरफा निर्णय नहीं लिया जाएगा।ऑल पाकिस्तान गुड्स ट्रांसपोर्ट ओनर्स एसोसिएशन ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है, क्योंकि विरोध प्रदर्शनों के कारण लंबे समय से सड़कें अवरुद्ध हैं, जिससे जिससे कारोबारी गतिविधियां बाधित हुई हैं।

## पहलगाम आतंकी हमले का विश्व भर में विरोध, पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी



**न्यूयॉर्क, 29 अप्रैल [एजेंसी]।**

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ विश्व भर में विरोध प्रदर्शन जारी हैं। अमेरिका के न्यूयार्क शहर में भी पाकिस्तानी कांसुलेट और टाइम स्क्वायर पर वहां बसे भारतीयों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किए हैं। इसके अलावा, ब्रिटेन की राजधानी लंदन में पाकिस्तानी दूतावास के बाहर प्रदर्शन के दौरान बिल्डिंग का कांच तोड़ने पर एक भारतीय को गिरफ्तार कर लिया गया है। भारतीय प्रदर्शनकारियों ने न्यूयार्क स्थित पाकिस्तानी कांसुलेट के बाहर जिहादी आतंकी हमले का जमकर विरोध किया।भारत समर्थन भीड़ ने भारत और इजरायल के झंडे लेकर पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही तिरंगा लहराते हुए कहा कि इस्लामिक देश पाकिस्तान एक आतंकवादी देश है। यह देश पहलगाम में हिंदू नरसंहार के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने इस आतंकी हमले में मारे गए सभी 26 लोगों के फोटो दिखाते हुए तख्तियों पर लिखा कि सीएनएन, एनबीसी, एनवाइटी, वापो, संयुक्त राष्ट्र कृपया इन मारे गए लोगों के नाम और इनके चेहरे दिखाएं और हैशटैग लगाएं-हिंदू लाइफ मैटर्स, एंड टैरिज्म नाव, इस्लामिक टेरर एंड्स टुडे, इनफ इज इनफ।उसी समय एक हिंदू पुजारी ने मारे गए निर्दोष हिंदुओं की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। इसी तरह भारतीय कांसुलेट ने एक्स हैंडल पर न्यूयार्क टाइम्स में हमले के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन के फोटो साझा किए। इसी के साथ उन्होंने क्वींस इलाके में दाऊदी वोहरा समुदाय के लोगों की प्रार्थना सभा को भी साझा किया। ब्रिटिश राजधानी लंदन में भी पाकिस्तानी उच्चायोग के समक्ष भारतीयों के विरोध-प्रदर्शन के दौरान आवेश में 41 वर्ष के एक भारतीय ने उच्चायोग की एक खिड़की को क्षतिग्रस्त कर दिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया। पिछले शनिवार और रविवार को भी लंदन, मेनचेस्टर और बेलफेस्ट में कई स्थानों पर प्रदर्शन हुए थे।इसके अलावा, सिंगापुर में भी भारत-सिंगापुर फ्यूचर फोरम के परिवारों ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति शोक संवेदना प्रकट की और पाकिस्तान समर्थित आतंकी हमले का पुरजोर विरोध किया।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवादः सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश को रखा बरकरार, कहा- इसमें कुछ भी गलत नहीं

**नई दिल्ली।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मस्जिद कमेटी की अपील पर सुनवाई के दौरान कहा कि हिंदू पक्ष को मूल वाद में संशोधन की इजाजत देने वाला हाई कोर्ट का आदेश सही है। प्रथम दृष्टया उसमें कुछ भी गलत नहीं दिखता। हालांकि शीर्ष अदालत ने मस्जिद कमेटी की हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली अपील मुख्य मामले के साथ सुनवाई के लिए संलग्न कर दी है और लिखित दलीलें दाखिल करने का समय देते हुए सुनवाई टाल दी।इलाहाबाद हाई कोर्ट ने गत पांच मार्च के आदेश में भगवान श्रीकृष्ण विराजमान के शाही ईदगाह पर दावा करने वाले मूल वाद में संशोधन करके भारत पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) व भारत सरकार को पक्षकार बनाने की इजाजत दे दी थी। श्रीकृष्ण विराजमान ने मूलवाद में संशोधन की दाखिल अर्जी में कहा था कि शाही मस्जिद ईदगाह एएसआई संरक्षित स्मारक है और इसलिए इस मामले में पूजा स्थल कानून लागू नहीं होगा। इसी आधार पर अर्जी में मूलवाद में संशोधन कर एएसआइ और भारत सरकार को पक्षकार बनाने की इजाजत मांगी गई थी जिसे हाई कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था।मूल मुकदमे में हुए इस संशोधन का सीधा असर मस्जिद कमेटी की मूल वाद पर उठाई गई आपत्तियों पर पड़ता है और उसकी आपत्तियां निष्क्रय हो जाती हैं। इसीलिए मस्जिद कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर हाई कोर्ट के मूल वाद में संशोधन कर पक्षकार जोड़ने की इजाजत देने के आदेश को चुनौती दी है।उसका कहना है कि हाई कोर्ट के आदेश से मूल मुकदमे की प्रकृति बदल जाती है इसलिए बीच में हाई कोर्ट संशोधन की इजाजत नहीं दे सकता। सोमवार को मस्जिद कमेटी की याचिका प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ के सामने सुनवाई पर लगी थी। जैसे ही केस सुनवाई पर आया।चीफ जस्टिस खन्ना ने मस्जिद कमेटी की अपील पर सवाल उठाते हुए वकील से कहा कि पहली नजर में हाई कोर्ट का आदेश सही लगता है। उसमें कुछ भी गलत नहीं है। शीर्ष अदालत ने सीपीसी के प्रविधानों का जिक्र करते हुए कहा कि आदेश एक, नियम दस के मामले में आदेश छह नियम 17 लागू होगा। शीर्ष कोर्ट ने मस्जिद कमेटी से कहा कि आपकी इस संबंध में दी गई दलील गलत है।

## कर्नाटक भाजपा ने राज्यपाल से 18 विधायकों का निलंबन रद करने की अपील की



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में विपक्षी दल भाजपा ने अपने 18 विधायकों का निलंबन रद करने की राज्यपाल थावरचंद गहलोत से अपील की है। उनका कहना है कि इन विधायकों का निलंबन पूरी तरह से अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक है। उन्होंने राज्यपाल से कहा कि निलंबन खत्म करने के संबंध में वह विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादेर से बात करें। ताकि इन विधायकों को जनप्रतिनिधि होने के नाते अपने दायित्वों का निर्वाह करने का अवसर मिले। कर्नाटक के भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिदल और विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने सोमवार को राजभवन में राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने इसमें राज्यपाल से आग्रह किया कि वह अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए कर्नाटक के विधानसभा अध्यक्ष से बातचीत करके भाजपा के 18 विधायकों का निलंबन रद कराएं। उल्लेखनीय है कि एक अप्रत्याशित कदम के तहत 18 भाजपा विधायकों को विगत 21 मार्च को कर्नाटक विधानसभा से छह महीने के लिए निलंबित कर दिया गया था।

## कोर्ट की गरिमा को ठेस पहुंचाने का किसी को नहीं होना चाहिए भ्रम

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फतेहपुर डीएम को लगाई फटकार




**प्रयागराज, 29 अप्रैल [एजेंसी]।**

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कड़े आदेश में फतेहपुर के जिलाधिकारी को फटकार लगाई। जिलाधिकारी द्वारा दाखिल शपथपत्र में यह सूक्ष्म संकेत था कि वह न्यायपालिका की गरिमा बनाए रखने, कमजोर करने या अपमानित करने की शक्ति रखते हैं।न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की पीठ ने जिलाधिकारी के शपथपत्र में दर्ज इस आश्वासन पर आपत्ति जताई कि कोर्ट की गरिमा हमेशा बनाए रखी जाएगी। कोर्ट ने इसे एक छिपा हुआ विचार बताया। कहा कि इससे ऐसा प्रतीत होता है कि डीएम खुद को कोर्ट की गरिमा को कम करने या अपमानित करने में सक्षम मानते हैं। यह न्यायालय कलेक्टर जैसे अधिकारियों से निपटने और अपनी गरिमा की रक्षा करने में समर्थ है। हमें उनके आश्वासन की आवश्यकता नहीं है। जो शब्द उन्होंने प्रयोग किए हैं, उनसे यह छुपा हुआ विचार झलकता है कि वह हमारी गरिमा को क्षति पहुंचाने में सक्षम हैं। किसी को भी, जिसमें कलेक्टर फतेहपुर भी शामिल हैं, इस प्रकार का कोई भ्रम नहीं पालना चाहिए।

कोर्ट ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि वह यह बताते हुए एक स्पष्टीकरण शपथपत्र दाखिल करें कि उनके खिलाफ उचित कार्रवाई क्यों न की जाए, क्योंकि उन्होंने ऐसा शपथपत्र प्रस्तुत किया है। यह तीखी टिप्पणी जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान की गई।इसमें याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि कुछ भूखंड जो रिकार्ड में खेल का मैदान तालाब और खलिहान के रूप में दर्ज हैं, पर ग्राम प्रधान द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। प्रमुख सचिव और संबंधित जिलाधिकारी ने कोर्ट को सूचित किया कि अतिक्रमण के मामले में लेखपाल के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई लेकिन याचिकाकर्ता ने यह भी बताया कि राजस्व अधिकारी और पुलिसकर्मी उसे याचिका वापस लेने के लिए धमका रहे हैं। कोर्ट ने इस गंभीर आरोप का संज्ञान लेते हुए डीएम और एसपी से शपथपत्र दाखिल करने को कहा था। इसके अनुपालन में डीएम ने शपथपत्र दाखिल किया, जिसके एक पैराग्राफ में कहा गया-शपथकर्ता अत्यंत सम्मान के साथ इस माननीय न्यायालय से बिना शर्त माफी मांगता है, यदि जिला प्रशासन की कार्रवाई से किसी भी असुविधा या गलतफहमी की स्थिति उत्पन्न हुई हो।

## एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी होंगे नए वायुसेना उपप्रमुख, सेना को मिलेगा नया उत्तरी सेना कमांडर



**नई दिल्ली।** एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी वायुसेना के नए उपप्रमुख होंगे। वह एयर मार्शल एसपी धारकर का स्थान लेंगे जो 40 से अधिक वर्षों के शानदार करियर के बाद 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। एयर मार्शल तिवारी वर्तमान में गांधीनगर में साउथ वेस्टर्न एयर कमांड के कमांडर हैं। एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित नए चीफ आफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ टू द चेयरमैन चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी (सीआइएससी) होंगे। वह लेफ्टिनेंट जनरल जेपी मैथ्यू का स्थान लेंगे जो 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सीआईएससी पर तीनों सेनाओं के बीच तालमेल की जिम्मेदारी होती है और वह सीडीएस की टीम का हिस्सा होता हैं। एयर मार्शल दीक्षित मिराज-2000 के पायलट हैं और वर्तमान में प्रयागराज स्थित सेंट्रल एयर कमान के प्रमुख हैं।वहीं, चीन व पाकिस्तान से लगती सीमा पर आपरेशंस के लिए जिम्मेदार थलसेना की नार्दन कमांड का नया प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा को बनाया गया है। वह वर्तमान में सेना मुख्यालय में डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (स्ट्रैटजी) हैं और डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस रह चुके हैं। वह 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचेंद्र कुमार का स्थान लेंगे।

## कार से 9 लोगों को टक्कर मारने वाला चालक गिरफ्तार कोर्ट से मिली जमानत, खुद बताया कैसे हुआ एक्सीडेंट



**पटना, 29 अप्रैल [एजेंसी]।**

कार से नेहरू पथ पर राजवंशी नगर, हाइकोर्ट, इनकम टैक्स गोलंबर से तारामंडल के बीच नौ लोगों को टक्कर मारने के के आरोप में चालक को गिरफ्तार कर लिया गया।लापरवाही से वाहन चलाने से सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर उसे सोमवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वहां से उसे जमानत दी गई। आरोपित के खिलाफ पहले से कोई केस दर्ज नहीं हैं।कार चालक बीबीए की पढ़ाई कर चुका है और पिता कारोबारी हैं। पूछताछ में पता चला कि कार से दूसरे वाहन में ठोकर लग गया। यह देख कुछ लोग शोर मचाते हुए कार के पीछे दौड़ने लगे।इससे वह डर गया और कार की स्पीड अधिक हो गई। इस वजह से दुर्घटना हो गई। इधर तारामंडल के पास कार चालक को लोगों ने पकड़ लिया था और उसकी पिटाई करने के दौरान किसी ने चेन और पर्स उड़ा दिया। हालांकि इस मामले में कोई केस नहीं किया गया है।सचिवालय थाना क्षेत्र के भिखारी ठाकुर पुल से होते हुए बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस स्थित अपने कार्यालय जा रहे बीसैप के जवान के साथ मारपीट की गई। घटना 26 अप्रैल की है।पीड़ित सिपाही के बयान पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने थाना पुलिस को बताया कि भिखारी ठाकुर पुल से उतरते ही एक कार ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी।जब जवान गाड़ी से उतरा तो दूसरे वाहन के चालक ने फोन अपने तीन चार साथियों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद सभी मिलकर जवान के साथ मारपीट करने लगे। जवान की गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया और सभी वहां से फरार हो गए।

## पाकिस्तान का समर्थन करने के आरोप में अब तक 24 गिरफ्तार, एक विधायक पर देशद्रोह का मामला दर्ज

**गुवाहाटी।** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद असम से पाकिस्तान का बचाव करने और राष्ट्र विरोधी टिप्पणी करने के आरोप में अब तक 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में विपक्षी एआइयूडीएफ विधायक अमीनुल इस्लाम भी शामिल हैं।विधायक पर पहलगाम हमले में पाकिस्तान और उसकी मिलीभगत का बचाव करने के लिए देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 24 राष्ट्रविरोधी अब सलाखों के पीछे हैं।

## गोल्डन आवर कैशलेस इलाज स्कीम में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को फटकार लगाई, कहा- आपको कानूनों की परवाह नहीं

**नईदिल्ली, 29 अप्रैल [एजेंसी]।**

वाहन दुर्घटना पीड़ितों के इलाज की कैशलेस स्कीम बनाने में देरी के लिए केंद्र सरकार की खिंचाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि आप बड़े-बड़े हाईवे बना रहे हैं, लेकिन सुविधाओं के अभाव में लोग मर रहे हैं। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि आठ जनवरी के उसके आदेश के बावजूद केंद्र ने न तो निर्देश का अनुपालन किया और न ही समय बढ़ाने की मांग की। कोर्ट ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम, 2022 की धारा-164 ए तीन वर्षों के लिए एक अप्रैल, 2022 को प्रभावी हुई थी, लेकिन दावेदारों को अंतरिम राहत देने के लिए केंद्र ने स्कीम बनाकर इसे लागू नहीं किया।पीठ ने सड़क परिवहन मंत्रालय के सचिव से कहा, आपने अवमानना की है। आपने समय मांगने की भी परवाह नहीं की। चल क्या रहा है। हमें बताइए कि आप स्कीम कब बनाएंगे। आपको अपने ही कानूनों की परवाह नहीं है। तीन वर्ष पहले यह प्रविधान अस्तित्व में आया था। क्या आप वास्तव में सामान्य जन के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। आप इतने बेपरवाह कैसे हो सकते हैं। क्या आप इस प्रविधान के प्रति गंभीर नहीं हैं। लोग सड़क दुर्घटनाओं में मर रहे हैं। आप बड़े-बड़े हाईवे बना रहे हैं, लेकिन लोग मर रहे हैं क्योंकि वहां कोई सुविधा नहीं है।

गोल्डन आवर में इलाज के लिए कोई स्कीम ही नहीं है। इतने सारे हाईवे बनाने का क्या मतलब है।

## अमेरिकी विमानवाहक पोत से लाल सागर में गिरा एफ-18 विमान, नौसेना का एक नाविक घायल



**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने सोमवार को बताया कि लाल सागर में एक विमानवाहक पोत से एफ-18 लड़ाकू विमान और उसका टो ट्रैक्टर गिर जाने से अमेरिकी नौसेना के एक नाविक को मामूली चोटें आईं। नौसेना ने एक बयान में कहा कि सभी कर्मियों का पता लगा लिया गया है। वाहक, हैरी ट्रूमैन, यमन में ईरान समर्थित हाउती समूह के खिलाफ हमलों में सहायता कर रहा है। यमन के उत्तरी प्रांत सादा में सोमवार को अमेरिकी हमले में 68 लोगों की मौत हो गई है। ये हमला अफ्रीकी प्रवासियों को रखने वाले एक डिटेंशन सेंटर पर किया गया। इस जेल में 115 कैदी थे। हूती-नियंत्रित टेलीविजन ने सोमवार को अमेरिकी हवाई हमले के रूप में वर्णित किया जिसमें 68 लोग मारे गए। संयुक्त राष्ट्र ने इस हमले पर चिंता जाहिर की। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने सोमवार को कहा। उन्होंने कहा, हमले यमन में नागरिक आबादी के लिए बढ़ते खतरे का कारण बनते हैं। हम सभी पक्षों से अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत अपने दायित्वों को निभाने का आह्वान करते हैं, जिसमें नागरिकों की सुरक्षा भी शामिल है।

## पड़ोसी नहीं बदला जा सकता, पहलगाम हमले पर पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाते दिखे कांग्रेस नेता सैफुद्दीन सोज



**जम्मू 29 अप्रैल।** पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में जहां पूरा देश एकजुट है, वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस नेता सैफुद्दीन सोज ने पाकिस्तान से सुर मिलाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान कहता है कि वह पहलगाम आतंकी हमले में शामिल नहीं है तो इसे अभी के लिए स्वीकार कर लें और अपनी जांच एजेंसियों पर भरोसा करें।उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों पड़ोसी देश हैं। इसलिए दोनों देशों के बीच बातचीत के अलावा कुछ भी काम नहीं करेगा। बता दें कि पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले में अपना हाथ होने से पल्ला झाड़ लिया है।सैफुद्दीन सोज ने कहा कि पहलगाम में जो हुआ वह दुखद और अस्वीकार्य है उन्होंने कहा कि पड़ोसी को बदला नहीं जा सकता, चाहे आप कुछ भी कर लें। अंततः भारत और पाकिस्तान के बीच जो प्रबल होगा वह बातचीत है। संवाद और चर्चा है। इसका कोई सैन्य समाधान नहीं, कोई हथियार नहीं, कोई तलवार नहीं। शब्दों के अलावा कुछ भी काम नहीं करेगा। यानी संवाद ही हल है।कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले पर कड़ा रुख अपनाया है और कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत और चर्चा के माध्यम से ही समाधान निकाला जा सकता है। हमें इस मामले पर प्रधानमंत्री मोदी की बात से सहमत होना चाहिए। उनका बयान हमें इस मुद्दे को समझने के लिए एक दिशा है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश के मार्गदर्शक हैं, वह राष्ट्र के नेता हैं। उन्होंने पहलगाम हमले पर बहुत कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कैबिनेट के साथ कार्रवाई का रास्ता तय करेंगे। हम एक लोकतांत्रिक देश है। कैबिनेट जो निर्णय लेगी वही कार्रवाई प्रधानमंत्री करेंगे। उन्हें इस पर बेहतर ज्ञान है।पूर्व केंद्रीय मंत्री सोज ने यह भी कहा कि जल को अपने प्राकृतिक मार्ग से समुद्र तक जाने दिया जाना चाहिए।

# उम्मीदों का उत्सव बना सुशासन तिहार





### राजनीतिक प्रयोग नहीं, बल्कि लोकतंत्र की परिपा़ ता का प्रतीक

जब कोई सरकार अपने कार्यों का मूल्यांकन जनता से करवाने का साहस दिखाती है, तो वह केवल राजनीतिक प्रयोग नहीं, बल्कि लोकतंत्र की परिपक्वता का प्रतीक बन जाता है।

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आयोजित सुशासन तिहार इसी विचार का सशक्त उदाहरण है। मात्र 16 माह के कार्यकाल में सरकार ने न केवल योजनाओं को ज़मीन पर उतारा, बल्कि उनके प्रभाव की पड़ताल के लिए खुद को जन अदालत में प्रस्तुत भी किया, यह पहल स्वागत योग्य ही नहीं, अनुकरणीय भी है।

8 से 11 अप्रैल तक आयोजित %सुशासन तिहार% केवल एक औपचारिक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि यह जनता और शासन के बीच सीधे संवाद की एक नई परंपरा की शुरुआत भी है। गांव से लेकर शहर तक, %समाधान पेटियों% और ऑनलाइन माध्यमों से प्रदेश के लाखों लोगों ने अपनी समस्याएं, शिकायत, सुझाव और अपेक्षाएं सरकार के समक्ष रखीं हुई हैं। इन आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही और समाधान शिविरों के माध्यम से जनता तक पहुँचना, एक नई प्रशासनिक संवेदनशीलता का परिचायक है।

विष्णु सरकार की 16 माह की यह यात्रा कई मायनों में उल्लेखनीय रही है। लोकसभा, नगरीय निकाय व पंचायत चुनावों के दौरान आचार संहिता अवधि को छोड़ने के बावजूद सरकार ने महज़ एक वर्ष में किसानों, ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं और आदिवासी समुदाय के लिए अनेक महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं।महतारी वंदना योजना, सबसे अधिक कीमत पर धान खरीदी, दो साल का बकाया धान बोनस का वितरण, तेंदूपत्ता दरों में वृद्धि, आदिवासी संस्कृति को संरक्षण, युवाओं के लिए नॉकरी के अवसर साथ ही उनके साथ हुए अन्याय के खिलाफ सीबीआई जाँच, कौशल विकास मिशन और शांति के लिए नक्सल क्षेत्रों में संवाद की नीति..। ये सभी निर्णय केवल नीतिगत घोषणाएं नहीं, बल्कि ज़मीनी परिवर्तन की ओर ठोस कदम हैं।

बस्तर जैसे क्षेत्रों में जहाँ पहले बंदूक की आवाज़ गूंजती थी, बम से दहल रहे थे, बारूद की गंध इस खूबसूरत फिजा को प्रदूषित कर रहे थे लेकिन विगत 16 माह में अब स्कूल की घंटियाँ और विकास की पदचाप सुनाई देती है। सरकार की गोली से नहीं-बोली से मिलेगी समाधान की नीति व निर्णय ने वहाँ भरोसे और बदलाव की नई बुनियाद रखी है। राज्य का वर्ष 2025-26 का 1.65 लाख करोड़ का बजट इस बात का प्रमाण है कि सरकार की प्राथमिकता केवल कांक्रीट के ढांचे नहीं, बल्कि मानव विकास, सामाजिक न्याय और समावेशी अर्थव्यवस्था है। डिजिटल ट्रैकिंग, समाधान की समय-सीमा और जवाबदेह शासन ने लालफीताशाही पर करारा प्रहार किया है।

सुशासन तिहार केवल सरकार की योजनाओं का प्रदर्शन नहीं, बल्कि यह नागरिक भागीदारी की एक जीवंत मिसाल है। शासन का यह नया मॉडल न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि देश के अन्य राज्यों के लिए भी एक दिशा-सूचक बन सकता है। निस्संदेह छत्तीसगढ़ अब एक ऐसे रास्ते पर है, जहाँ विश्वास, विकास और संवाद ,तीनों साथ चल रहे हैं और यही है किसी भी लोकतंत्र की सबसे बड़ी सफलता है।



**( विजय मानिकपुरी, कोरिया )**

# तेईस साल बाद

**एक कहानी**



वैशाख का महीना था। गर्मी अपने चरम पर, फिर भी एक अजीब सी ठंडक मन में उतर रही थी। प्रतिमा सरकार को नहीं पता था कि इस दिन उसकी ज़िंदगी का एक ऐसा पन्ना खुलेगा, जिसे वह कभी बंद कर चुकी थी—अचानक, बिना अलविदा कहे।

तेईस साल पहले, कोरबा के एक सरकारी स्कूल में प्रतिमा और निभा की दोस्ती ऐसी थी, जैसे दो आत्माएं एक धागे से जुड़ी हों। एक साथ पढ़ाई, एक साथ दोपहर का टिफ़िन, और एक साथ भविष्य के सपने बुनना। पर फिर समय ने अपने पंख फैलाए और दोनों की ज़िंदगी अलग-अलग दिशाओं में उड़ चली।

शादी के बाद, प्रतिमा का जीवन अपने परिवार में व्यस्त हो गया। उसे कभी यह जानने की जरूरत महसूस नहीं हुई कि निभा कहां है, क्योंकि वक़्त ने उसके दिल की वो गहराइयाँ ढँक दी थीं। गूगल ने भी कभी उसका नाम नहीं बताया—जैसे वक्त खुद ये चाहता था कि मिलन एक चमत्कार की तरह घटित हो।

बांग्ला नववर्ष के कुछ दिन बाद, कोरबा के एक विवाह समारोह में प्रतिमा भाग ले रही थी। अचानक उसकी निगाहें एक परिचित मुस्कान पर जा ठहरीं—वह निभा थी। वही आंखें, वही भाव, बस चेहरे पर कुछ और अनुभवों की लकीरें थीं।

तू... निभा?

प्रतिमा...!

इतना कहकर दोनों लिपट गईं। भीड़, शोर, संगीत सब ठहर गया। केवल आंखों से बहते आंसुओं में बीते हुए साल बहने लगे। इतनी नज़दीकी में रहते हुए भी एक-दूसरे से अनजान कैसे रहीं, यह सोचकर दोनों को हंसी और आंसू एक साथ आ गए।

उस दिन वैशाख कृष्ण पक्ष की सप्तमी थी। न किसी ने इसे कभी विशेष माना था, न प्रतिमा ने। लेकिन अब यह दिन उनके लिए एक त्योहार बन गया। निभा ने कहा, शायद ये हमारी आत्माओं का संयोग है... जो इस दिन को ब्रह्मांड ने चुना।

प्रतिमा मुस्कराई, कलयुग में ऐसे मिलन चमत्कार ही तो हैं।

## तृप्त करने के लिए खोजा माध्यम

अमर जवान पेट्रोल पंप, रायपुर-बिलासपुर हाइवे पर स्थित छत्तीसगढ़ का यह हमारे लिये गौरव की बात है। ग्राम कूरा ( तरपोंगी टोल बैरियर के समीप) स्थित इस पेट्रोल पंप में आप चाहे पेट्रोल डीजल डलवायें या न डलवायें आपको चाय- कॉफी नि:शुल्क मिलेगी, आपके वाहन के टायर को नि:शुल्क हवा तो मिलेगी ही अगर आप चाहें तो नि:शुल्क वाशिंग भी होगी।

अब इस पेट्रोल पंप ने एक बहुत ही नायाब सुविधा प्रारम्भ की है। मात्र 90 रुपये में भरपेट ( अनलिमिटेड ) भोजन की व्यवस्था। इस भोजन की खासियत यह है कि आप किसी भी वर्ग से सम्बंध रखते हों, भोजन में वही परोसा जाएगा जो यहाँ का फिक्स मीनू है, हाँ इनका यह प्रयास जरूर रहता है कि भोजन ग्रहण करने वालों को यह आवाज़ न देना पड़े कि ए छोटू... दाल ले आना तो । हर कर्मचारी हँसमुख और खुले दिल से अपना काम करता है, यह ध्यान रखता है कि किसकी थाली में क्या जरूरत है, आपके बिना बोले तत्काल सेवक हाजिर हो जाएगा- सर एक रोटी और लीजिए ना ..... जो डायटिंग कर रहें हों वे लोग भी यहाँ की आत्मीयता के कारण 1 रोटी ज्यादा खाकर जाएंगे। एक बोर्ड इस अमर जवान कोठी में लगा है, जिसे पढ़कर बात दिल मे उतर गई - 1. देश के सैनिक और अर्द्ध सैनिक बलों को नि:शुल्क भोजन, 2. देश के सभी राज्यों की पुलिस को नि:शुल्क भोजन, 3. देश के शहीदों के परिवार को, 4. सभी धर्म के संत-धर्म गुरुओं को नि:शुल्क भोजन और 5. इंडियन ऑयल के टैंकर चालकों को नि:शुल्क भोजन । यदि आप इस रास्ते से गुजरते हैं तो अमर जवान पैट्रोल पम्प की सेवाओं का लाभ लें या न लें, आप खुद भोजन करें या न करें, कोशिश यही करें कि अपनी गाड़ी को भोजन यहीं से करवाएं।

और क्या चाहिए इस मतलब की दुनिया मे लोग जँहा एक रोटी के लिये मॅडर कर दे रहा हैं। अपने को अच्छा साबित करने के लिये दूसरे व्यक्ति को नीचे गिरा दे रहा हैं आप फ्री मे खाओ और फ्यूल डलवाकर सहयोग में भागीदारी करें ।

## मानुषी छिल्लर ने बताया कैसे मिलता है उन्हें सुकून




अभिनेत्री मानुषी छिल्लर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर बताया कि उन्हें सुकून कैसे मिलता है और सुकून पाने के लिए वह क्या-क्या करती हैं। पूर्व मिस वर्ल्ड ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर उन चीजों की कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जो उन्हें खुशी और शांति देती हैं।

पहली तस्वीर में वह अपने पालतू पेट्स के साथ खेलती हुई दिखाई दे रही हैं। दूसरी में मानुषी साइकिल पर पोज देती हुई दिखीं। पोस्ट में छिल्लर अपनी स्वादिष्ट ब्राउनी खाती नजर आईं। इसके साथ ही उन्होंने एक पेपर भी दिखाया, जिस पर उनका नाम मानुषी लिखा हुआ है। मानुषी ने पेंट ब्रश के साथ कुछ पुरानी वाटर पेंटिंग पोस्ट की। उन्होंने बताया कि ये पुराने पेंट और ब्रश उनके बचपन के हैं और उनकी दादी ने उन्हें अच्छी तरह से संभाल कर रखा है।

इंस्टाग्राम पर पोस्ट को शेयर करते हुए मानुषी ने कैप्शन में लिखा, सुकून... पेंट और ब्रश का मेरा पुराना डिब्बा देखने के लिए अंत तक स्वाइप करें, जिसे मेरी दादी ने अभी भी संभाल कर रखा है। उनके प्यार को छोड़कर सब कुछ सूख गया है, जो बचपन को अपने दिल के करीब रखती है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो मानुषी की बहुप्रतीक्षित ड्रामा, 'मालिक' रिलीज को तैयार है। वह अपकमिंग फिल्म में राजकुमार राव के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। एक्शन-थ्रिलर फिल्म में राजकुमार राव पहली बार गैंगस्टर के किरदार में नजर आएंगे। गैंगस्टर ड्रामा का निर्देशन पुलकित ने किया है। कुमार तौरानी ने टिप्स फिल्म्स और जय शेवक्रमणी नॉर्दर्न लाइट्स फिल्म्स के बैनर तले फिल्म का निर्माण किया है। मालिक के अलावा मानुषी के पास 'तेहरान' भी है, जिसमें उनके साथ अभिनेता जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में हैं। अरुण गोपालन के निर्देशन में बनी 'तेहरान' की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है।

# खराब होने के बाद भी क्यों नहीं लगते हैं केले में कीड़े, पढ़ें इसको खाने के सही तरीके



केला सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है. केला ना केवल खाने में स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसमें कई पोषक तत्व होते हैं. रोजाना केला खाने से शरीर की कई समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है.

केले की वैरायटी

दुनियाभर में केले की करीब 1000 से ज्यादा वैरायटी पाई जाती है. भारत में केले की करीब 33 किस्में उगाई जाती है. इसमें कई केले की किस्में बेहद स्वादिष्ट होती है. 12 किस्में अपने अलग-अलग साइज और कलर के लिए फेमस है.

केले में क्यों नहीं लगते कीड़े

हर किसी ने देखा ही होगा कि केले में कीड़े नहीं लगते हैं. इसका कारण यह के केले के फल में साइनाइड नाम का केमिकल पाया जाता है. इस कारण इस फल में कीड़े नहीं लग सकते हैं. इसके अलावा केले में भारी मात्रा में विटामिन बी 6, विटामिन सी, पोटेशियम आदि पोषक तत्व पाए जाते हैं. यह शरीर को फिट और चुस्त और हेल्दी रखने में मदद करता है.

केले खाने के फायदे

दिल के लिए फायदेमंद

केले में मौजूद पोटैशियम ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करता है, जिससे दिल के रोगों का खतरा कम होता है.

वजन कंट्रोल

केले में फाइबर होता है. जिससे की लंबे टाइम तक पेट भरा हुआ महसूस होता है. जिससे की आपको ज्यादा भूख नहीं लगती हैं और वजन भी कंट्रोल रहता है.

स्किन के लिए

केले में विटामिन सी होता है जो कि स्किन के लिए फायदेमंद होता है और उसको स्वस्थ रखने में भी मदद करता है.

डाइजेशन के लिए

केले में फाइबर होता है जो कि डाइजेशन के लिए बेस्ट होता है और उसे हेल्दी रखने में मदद करता है और कब्ज की दिक्कत से भी बचाता है.

मांसपेशियों के लिए

केले में पोटैशियम और मैग्निशियम होते हैं जो कि मांसपेशियों के लिए फायदेमंद होता है.

मूड को ठीक

केले में विटामिन बी6 होता है जो कि मेंटल हेल्थ में सुधार लाता है और मूड को ठीक रखने में मदद करता है.

आंखों के लिए

केले में मौजूद विटामिन ए आंखों के लिए फायदेमंद होता है.

कैसे खाएं केले

आप दिन के किसी भी समय केला खा सकते हैं. इसे नाश्ते में, दोपहर के खाने के रूप में या स्नैक्स के रूप में खा सकते हैं. आप इसे अकेले खा सकते हैं या दही, पीनट बटर या खाने के कुछ समय बाद खा सकते हैं.

एक दिन में कितने खाएं केले

आप एक दिन में एक से दो केले खा सकते हैं. हालांकि, अगर आप किसी बीमारी से पीड़ित हैं, तो डॉक्टर से सलाह लेना बेहतर होगा.



## गर्मियों के दौरान फूल वाले पौधों का इस तरह से रखें ध्यान, रहेंगे स्वस्थ

गर्मियों में बढ़ती गर्मी कई तरह की समस्याएं उत्पन्न कर सकती है। इनमें से एक है फूलों वाले पौधों का मुरझाना।

अगर आप अपने बगीचे में फूलों वाले पौधे लगाते हैं तो आपको उनकी देखभाल के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। ऐसा न करने पर फूलों वाले पौधे मुरझा सकते हैं।

आइए आज हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देते हैं, जिनसे आप गर्मियों के दौरान अपने फूलों वाले पौधों का अच्छे से ध्यान रख सकते हैं।

पौधों में छाया की व्यवस्था करें

गर्मियों में सूरज की रोशनी काफी तेज होती है, जो कई बार फूलों वाले पौधों के लिए हानिकारक हो सकती है। इससे बचाने के लिए अपने फूलों वाले पौधों को ऐसी जगह पर रखें, जहां उन्हें सुबह की हल्की धूप और दोपहर की तेज धूप से बचाव मिल सके।

आप चाहें तो पौधों को किसी पेड़ के नीचे या फिर छत पर कपड़े या छांव देने वाले तिरपाल से ढक सकते हैं।

पौधों को पर्याप्त पानी देना है जरूरी- गर्मियों में फूलों वाले पौधों को पर्याप्त पानी देना बहुत जरूरी है। हालांकि, ध्यान रखें कि अधिक पानी से भी फूलों वाले पौधों को नुकसान पहुंच सकता है। इससे जड़ें खराब हो सकती हैं। इसलिए इन्हें बस तभी पानी दें जब इनमें मिट्टी सूखी लगे। इसके अलावा पौधों को सुबह के समय पानी दें क्योंकि इस समय मिट्टी ठंडी रहती है, जिससे पौधों पर पानी का नकारात्मक असर नहीं पड़ता। खाद का करें उपयोग- फूलों वाले पौधों को सही पोषण देने के लिए उन्हें समय-समय पर खाद दें। इसके लिए आप प्राकृतिक खाद का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे मिट्टी की गुणवत्ता सुधरेगी और पौधे स्वस्थ रहेंगे। आप चाहें तो अपने फूलों वाले पौधों को पोषण देने के लिए गोबर की खाद या फिर हरी खाद का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। यह खाद पौधों को जरूरी तत्व प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें कीटों से सुरक्षित रखने में भी मदद कर सकती है। नियमित रूप से छंटाई करें- फूलों वाले पौधों की नियमित छंटाई करना जरूरी है क्योंकि इससे पौधों का विकास ठीक रहता है। इसके अलावा इससे नए पत्ते और फूल आने की संभावना बढ़ जाती है। छंटाई करने के लिए सबसे पहले सूखे और मुरझाए पत्तों और फूलों को काट दें। इसके बाद पौधों की लंबी शाखाओं को भी काटें ताकि नए पत्ते और फूल अच्छे से आ सकें। इस प्रक्रिया से पौधे को ताजा और स्वस्थ रखने में मदद मिलती है। कीटों की जांच करें- फूलों वाले पौधों पर कीड़े लगना एक आम समस्या है, खासकर गर्मियों के दौरान। कीड़े पौधों को कमजोर कर सकते हैं और उनकी वृद्धि को रोक सकते हैं। इसलिए समय-समय पर अपने पौधों की जांच करते रहें। अगर आपको किसी पौधे पर कीड़े दिखाई दें तो साबुन के पानी का छिड़काव करें। इससे कीड़े मर जाएंगे और पौधा सुरक्षित रहेगा। इस तरह आप अपने फूलों वाले पौधों को स्वस्थ रख सकते हैं।

## रेड ड्रेस में कहर ढा रहीं भोजपुरी स्टार आकांक्षा पुरी



भोजपुरी सिनेमा की ग्लैमरस एक्ट्रेस आकांक्षा पुरी ने एक बार फिर अपने स्टाइल से फैंस का दिल जीत लिया है. उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक बोल्ड और स्टनिंग फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह रेड कलर के खूबसूरत आउटफिट में नजर आ रही हैं. इस ऑफ-शोल्डर रेड क्रॉप टॉप और मैचिंग स्कर्ट लुक में आकांक्षा बेहद दिलकश लग रही हैं. हेवी ईयररिंग्स, गोल्डन एक्सेसरीज़ और ओपन हेयर स्टाइल ने उनके लुक को और भी शाइनी बना दिया है. कैप्शन में आकांक्षा ने लिखा, रात का स्वामित्व और साथ में शैली, पहनावा, आकांक्षापुरी जैसे कई हैशटैग इस्तेमाल किए. उनकी इन तस्वीरों को अब तक 40 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं।

## शब्द सामर्थ्य -032

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, ईकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | ■ | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | ■ | 13 | | | |
| 14 | | ■ | 15 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | ■ | ■ | ■ | 17 | 18 |
| 19 | ■ | ■ | 20 | 21 | 22 | ■ | 23 | |
| | ■ | 24 | ■ | 25 | | 26 | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 031 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष्म | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्त | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

# ठेका मजदूरों की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर महाप्रबंधक कार्यालय को घेरा सीटू ने

## मांग पूरी न होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

**चरचा कालरी।** कोयला खदानों में कार्य ठेका मजदूरों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर कोयला श्रमिक संघ सीटू के नेतृत्व में सैकड़ो ठेका श्रमिकों ने एसईसीएल बैकुंठपुर मुख्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया धरना प्रदर्शन में सीटू का लाल झंडा थामें सैकड़ो की संख्या में ठेका श्रमिकों का साथ देने के लिए कॉलरी के स्थाई श्रमिक भी उनके साथ धरना में डटे रहे ।



सीटू के क्षेत्रीय सचिव इन्द्रदेव चौहान ने बताया कि अभी भी ठेका श्रमिकों का शोषण बदस्तूर जारी है। एचपीसी का सिफारिश जारी हुए 12 साल बीत जाने के बाद भी अभी भी पूर्णतः इसे लागू नहीं किया जा सका है। इनका ना तो वेतन की कोई स्थाई तिथि तय की गई है,ना हीं इनका वेतन प्रतिमाह दी जाती है। आज हमारी संघ 10 सूत्री मांग प्रबंधन को सौंप रहे हैं अगर ठेका श्रमिकों का मांग पूरी नहीं की जाती है तो हम कंपनी स्तर पर भी पूरे कंपनी के ठेका श्रमिकों को लेकर अनिश्चित कालीन धरना पर बैठेंगे। धरना में शामिल होने के लिए बैकुंठपुर क्षेत्र के सभी इकाई से ठेका श्रमिक और सीटू के कार्यकर्ता आए हुए थे। धरना का संबोधित सीटू के क्षेत्रीय पदाधिकारी कर रहे थे। जिनमें रमन कुमार सिंह, दिलीप पासवान ,सुरेंद्र बहादुर सिंह, वंश गोपाल सिंह, विनोद गुप्ता, राजाराम जाता, रमेश जनता ,उदय नारायण ठाकुर, मानिकचंद ,बलजिंदर सिंह आदि थे।

**यह है मुख्य मांगे**-22 अप्रैल को चर्चा खान दुर्घटना में ठेका श्रमिक दिगेश्वर सिंह के परिवार को कॉरपोरेट सैलेरी पैकेज में बैंक से हुई एम ओ यू के तहत व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर के रूप में एक करोड रुपए का मुआवजा दिया जाए, बैकुंठपुर क्षेत्र में कार्य सभी ठेकेदारी श्रमिकों को पी एल आई बोनस का भुगतान किया जावे, क्षेत्र में कार्यरत सभी ठेका श्रमिकों को एचपीसी के सिफारिश पर नए वी डी ए रेट के तहत भुगतान किया जावे ,क्षेत्र में रिक्त आवासों को ठेका श्रमिकों को रहने के लिए आवंटित किया जाए, ठेकेदार बदलने पर बार-बार ठेका श्रमिकों को नहीं बदल जाए उन्हें ठेका श्रमिकों को काम पर रखा जाए जो पहले से उस माइंस में कार्य कर चुके हैं, सभी ठेका श्रमिकों को सीएमपीएफ कटौती का विवरण कम से कम वर्ष में एक बार दिखाई जावे एवं पासबुक जारी किया जाए ठेका श्रमिकों के परिवार को भी सैलरी के अस्पताल में

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन चरचा क्षेत्र में

## श्रमवीर स्टेडियम में होगा आयोजन

**चरचा कालरी।** स्थानीय श्रम वीर स्टेडियम में एसईसीएल चरचा कालरी प्रबंधन के सौजन्य से 1 मई विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा कवि सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि बी.एन. झा मुख्य महाप्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र एवं विशिष्ट अतिथि जितेंद्र कुमार सह क्षेत्र प्रबंधक चर्चा माइन आर ओ की गरिमामय उपस्थिति में होगा कवि सम्मेलन में मंच संचालक नरेंद्र मिश्र धड़कन होंगे, इसके अतिरिक्त राधेश्याम मिश्रा जी कानपुर राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत कवि , धर्मेश अविरल जी फरीदाबाद हरियाणा ओजस्वी कवि ,विनोद राज योगी जी आगरा उत्तर प्रदेश हास्य व्यंग्य कवि ,दिनेश देहाती जी महाराष्ट्र हास्य बैंक कवि ,लक्ष्मण नेपाली जी नेपाल हलस्यांग कवि ,दिनेश गूगज जी प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश ,श्रीमती लता शबनम बालाघाट मध्य प्रदेश श्रृंगार रस कवियत्री एवं अतुल उपाध्याय सीधी मध्य प्रदेश हास्य गीत कवि आदि रहेंगे कवि सम्मेलन रात्रि 8= बजे से प्रारंभ हो जाएगा कवि सम्मेलन हेतु आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री एम आर मंडावी खान सुरक्षा अधिकारी चर्चा, उपाध्यक्ष शब्बीर अली, सचिव इंद्रजीत पाल, सह सचिव विनोद दुबे ,चंद्रपाल, कोषाध्यक्ष ज्ञानेंद्र पांडे ने सभी क्षेत्रवासियों से कवि सम्मेलन का आनंद लेने का अनुरोध किया है विदित हो कि विगत कई वर्षों से मजदूर दिवस के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है चर्चा कॉलरी में अखिल भारतीय स्तर के आयोजनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है चाहे वह फुटबॉल हो, वॉलीबॉल हो, कवि सम्मेलन हो या फिर अन्य कार्यक्रम का आयोजन,इस प्रकार यह क्षेत्र अत्यधिक कोयला उत्पादन के साथ ही अखिल भारतीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है इसीलिए अक्सर कहा जाता है की चर्चा की चर्चा यूं ही नहीं होती।




## युवती से दुष्कर्म

**रायपुर।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## तीसरे चरण में 5 मई से 31 मई तक जिले भर में होगा समाधान शिविरों का आयोजन

**कोरिया बैकुंठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकारी द्वारा प्रदेश में पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार 2025 का सफल आयोजन किया जा रहा है। इस तिहार के प्रथम चरण (08 से 11 अप्रैल 2025) में प्राप्त आवेदनों के द्वितीय चरण में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के पश्चात अब तृतीय चरण में 5 मई से 31 मई 2025 तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री सचिवालय, मंत्रालय, रायपुर से प्राप्त पत्र के माध्यम से कोरिया जिले के विकासखंड बैकुण्ठपुर एवं सोनहत में शिविर आयोजित करने हेतु जिला एवं खंड स्तरीय नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला स्तरीय नोडल अधिकारी होंगे जबकि श्रीमती दीपिका नेताम, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर, राकेश साहू, अनुविभागीय अधिकारी (रा.)सोनहत, खंड स्तरीय अधिकारी होंगे। सहायक नोडल अधिकारियों में संबंधित जनपद पंचायतों के सीईओ व तकनीकी सहायक शामिल हैं। 05 मई को बंजारीडांड, 07 मई को तोलगा, 09 मई को पोंडी, 10 मई को कटगोड़ी,14 मई को छिंदिया, 16 मई को टेंगनी, 17 मई को अकलासरई, 19 मई को फुलपुर, 21 मई को मनसुख, 23 मई को रामगढ़, 26 मई को मोदीपारा, 28 मई को बुडार, 30 मई को सालगवाकला तथा 31 मई को जमगहना में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शामिल क्लस्टर ग्राम पंचायतों के लिए तकनीकी सहायक, प्रभारी अधिकारी व संबंधित विभागों के प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं। ये अधिकारी ग्राम पंचायतवार आवेदन, निराकरण की स्थिति, लंबित प्रकरण तथा हितग्राही लाभ की जानकारी संकलित करेंगे एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देंगे। शासन का उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक तक सरकारी योजनाओं का लाभ शीघ्रता और पारदर्शिता से पहुंचे तथा शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास में वृद्धि हो। जिले के समस्त ग्रामीण एवं हितग्राही अपने क्षेत्र अनुसार निर्धारित तिथि व स्थान पर आयोजित समाधान शिविर में भाग लें एवं अपनी समस्याओं का तत्काल समाधान प्राप्त करें।

## बालगृह के बच्चों ने जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब को भेंट किए इको फ्रेंडली बुके



**कोरिया बैकुंठपुर।** बालगृह कोरिया के बच्चों ने एक और प्रेरणादायक पहल की। बच्चों द्वारा बनाए गए इको फ्रेंडली बुके अब जिला प्रेस क्लब के सदस्यों को भेंट किए गए, जिनकी रचनात्मकता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता ने सभी को प्रभावित किया।

बालगृह कोरिया के बच्चों ने प्राकृतिक सामग्रियों से सुंदर और पर्यावरण अनुकूल बुके तैयार किए हैं। जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया के सदस्यों को भी ये बुके भेंट किए गए और वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण विभूति तिवारी ने बच्चों की इस पहल की खुले दिल से सराहना की। वहीं जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीन्द सिंह ने कहा, हम बच्चों की इस पहल से प्रेरित हैं। इको फ्रेंडली बुके न केवल उनकी रचनात्मकता का प्रतीक हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी संवेदनशीलता को भी दर्शाते हैं। यह एक बेहतरीन प्रयास है, जो बच्चों की सोच और कृतित्व को नई दिशा देता है। इस पहल ने जिले के बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाया है और उन्हें समाज में अपनी प्रतिभा दिखाने का एक नया मंच प्रदान करेगा।

# पनिका समाज की ब्लॉक कमेटी का गठन

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से सटा हुआ ग्राम पर्चा बस्ती में 27 अप्रैल को भारतीय पनिका समाज का ब्लॉक कमेटी गठन किया गया,जिसमें नियमानुसार अध्यक्ष एवं सदस्य गढ़ का नाम ब्लॉक का नाम बैकुंठपुर 27 अप्रैल को कार्यक्रम स्थल पर्चा बस्ती में आंधी तूफान के बीच संपन्न हुआ।

पदाधिकारी एवं कार्यकारियों सदस्यों की सूची ब्लॉक अध्यक्ष (1)दीपक कुमार कुलहरिया(2) उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद गाय गवाल(3) कोषाध्यक्ष मोहर साय (4) सचिव सरवन कुमार कुलहरिया(5 सहसचिव इंद्रपाल भीमगा (6)) अध्यक्ष युवा मोर्चा संजय चिकनजूड़ी (7) उपाध्यक्ष युवा मोर्चा जयप्रकाश सोनवानी(8) उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सुभाष पंडवार ( 9)सचिव युवा मोर्चा योगेश कोरमा (10) सचिव महिला मोर्चा उर्मिला(11) पुरुष मीडिया प्रभारी लाल दास महंत (12) महिला मीडिया प्रभारी शीतल पंडवार (13) वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य दिलबंधु (14) कार्यकारी महेश कुमार (15) कार्यकारी सदस्य विजय कुमार कोराम(16)



राजेश कोराम (17)संतोष कुमार (18)श्री राम (19)विष्णु प्रसाद(20) अजय कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे इस कार्यक्रम के अवसर पर संभागीय अध्यक्ष रामधन देवांगन,पूर्व जिला अध्यक्ष सतनारायण गोयन, जिला अध्यक्ष कार्यवाहक भारतीय पनिका समाज राजाराम जाता,हुकुमचंद भीमगा,राजू गोयन, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रमेश पंडवार, दरोगा प्रसाद, रामलाल,शुकुल प्रसाद, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बबीता ग्वाले,रानी देवागन, हीरा कली, राजेश्वरी, गायत्री, सोनमती, मालती, सरस्वती,विमल राम, शांति, बंटी,विनोद कुमार,मंगलेश्वर,दीपक कुमार, राम लखन,संजय,अजीत प्रसाद पंडवार, अरविंद कुमार सोनवानी,बच्चा लाल कुलदीप, प्रवीण कुमार गोयल,शिव नारायण गोयन,रूप लाल सोनवानी,अंगद प्रसाद कुलदीप,मुन्नाराम पंडवार,राजेश गोयन,संदीप कुमार, राममिलन, राजेश गोयन,विनोद कुमार गोयन सहित भारी संख्या में अनेक लोग उपस्थित रहे।

## छग सरकार ने शुरू किया मुख्यमंत्री सुशासन फैलोशिप

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के युवाओं को शासन और नीति निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने के लिए एक ऐतिहासिक पहल करते हुए 'मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप' कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह कार्यक्रम भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर और छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सहयोग से चलाया जाएगा।यह दो वर्षीय एमबीए डिग्री कार्यक्रम विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों के लिए तैयार किया गया है, ताकि राज्य की प्रतिभाओं को प्रशासन में योगदान देने का अवसर मिल सके। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, राज्य के होनहार युवाओं को शासन से जोड़ना और उन्हें नीति निर्माण में भागीदार बनाना इस फेलोशिप का मूल उद्देश्य है। यह कार्यक्रम सुशासन की दिशा में एक बड़ा कदम है। सभी चयनित विद्यार्थियों की ट्यूशन फीस राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। 50 हजार रुपए मासिक विद्यार्थियों को उनकी सेवाओं और प्रशिक्षण अवधि के लिए सम्मानजनक छात्रवृत्ति दी जाएगी। आईआईएम रायपुर में पढ़ाई के साथ-साथ छात्र विभिन्न विभागों और जिलों में प्रशासनिक अनुभव भी प्राप्त करेंगे। साथ ही छात्र अपने प्रोजेक्ट्स और नीतिगत सुझाव सीधे मुख्यमंत्री को प्रस्तुत कर सकेंगे। आवेदक छत्तीसगढ़ के मूल निवासी होने चाहिए। अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों के पास छ्ज्ञ 2022, 2023 या 2024 का वैध स्कोर होना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया में समूह चर्चा और साक्षात्कार भी शामिल हैं। यह फेलोशिप उन युवाओं के लिए एक स्वर्णिम अवसर है जो शासन, नीति और सामाजिक विकास के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। आवेदन संबंधी अधिक जानकारी आईआईएम रायपुर की आधिकारिक https://iimraipur.ac.in/mba-ppg/ वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# सुशासन तिहार बना ग्रामीणों के लिए राहत का माध्यम

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार ने कोरिया जिले के ग्रामीणों और किसानों को बड़ी राहत प्रदान की है। बता दें 8 से 11 अप्रैल 2025 के बीच सुशासन तिहार के पहले चरण में समस्या, शिकायत व मांग से सम्बंधित आवेदन लिया गया था।

अब दूसरे चरण में प्राप्त इन आवेदनों का समाधान द्रुतगति से किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण जनता ने सरकार की कार्यशैली पर भरोसा जताया है। ग्राम मेको के निवासियों सूरज प्रसाद, निकेश कुमार और दिनेश कुमार के आवेदन पर भी त्वरित कार्रवाई करते हुए किसान किताबें वितरित की गईं। पोड़ी बचरा तहसील के विभिन्न गांवों के किसानों को किसान पुस्तिका उपलब्ध कराई गई। ग्राम पंचायत तेंदुआ निवासी मानिकचंद द्वारा अपनी पत्नी श्रीमती राजकुमारी के नाम पर खसरा नंबर 2081/1 को ऑनलाइन दर्ज किया गया। इसी प्रकार, चिरमी और उरूमदुगा गांव के बुद्धू सिंह की भूमि का सीमांकन कर राजस्व रिकॉर्ड में सुधार किया गया। प्रशासन द्वारा आवेदकों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर कार्य की जानकारी दी गई।

समाधान मिलने के बाद ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया और कहा कि सुशासन तिहार से उन्हें वर्षों से लंबित समस्याओं से छुटकारा मिला है। सुशासन तिहार एक बार फिर साबित कर रहा है कि सरकार जनता के हित में तेजी से कार्य कर रही है और गांव-गांव तक सुशासन की रोशनी पहुंचा रही है। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने कहा है कि शासन के निर्देश के तहत जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं, उसका यथा समय



समाधान की कार्यवाही की जा रही है साथ ही आवेदकों सूचित भी किया जा रहा है।

## नौकरी लगाने का झांसा देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** थाना पुरानी बस्ती पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी शंकर लाल साहू को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह के दिशा-निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते, शहर एएसपी लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजेश देवांगन के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई। प्रकरण की जानकारी के अनुसार, धमतरी निवासी कौशल्या चंदेल ने आरोपी शंकर लाल साहू और रामाधार बंजारे के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपियों ने वर्ष 2017 से 2018 के बीच अमीनपारा हरिजन सेवक संघ रायपुर में सदस्यता व छात्रावास अधीक्षक की नौकरी दिलाने का झांसा देकर किस्तों में कुल 10 लाख रुपये की ठगी की थी।

# चलित थाना लगाया पुलिस ने 74 गांव में, समस्याएं की निराकृत

**सूरजपुर।** आम जनता के शिकायतों का मौके पर निराकरण करने, डिजिटल अरेस्ट, साईबर अपराध से बचाव, यातायात नियमों के प्रति जागरूकता, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए बनाए गए अभिव्यक्ति ऐप के बारे में प्रचार-प्रसार तथा गांवों में पुलिस की सक्रिय और प्रभावी उपस्थिति एवं सूचना तंत्र को प्रभावी ढंग से विकसित करने के उद्देश्य को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारियों को प्रत्येक गांव में चलित थाना लगाने के निर्देश दिए है।

जिले की पुलिस के द्वारा पिछले 5 दिनों में विभिन्न शहरी, ग्रामीण सहित दुरस्थ 74 ग्रामों में चलित थाना का आयोजन कर नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट व साइबर अपराध सहित सुरक्षा से जुड़े पहलुओं के प्रति जागरूक करते हुए कई शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया है। इसके साथ ही गांव में होने वाले किसी भी प्रकार के अपराध व अवैध कार्यो की सूचना तत्काल पुलिस को देने की हिदायत दिया है। पुलिस की इस अभियान से ग्रामीणों में उत्साह है और पुलिस के कार्यो में सहयोग के लिए अब वे आगे आ रहे है। थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा आयोजित चलित थाना के दौरान ग्रामीणों को म्यूल अकाउंट, डिजिटल अरेस्ट के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि डिजिटल अरेस्ट एक साइबर स्कैम है, जिसमें फ़र्ज़ी सरकारी अधिकारी बनकर लोगों को डरा-धमकाकर पैसे वसूले जाते हैं। यह एक तरह का ऑनलाइन ब्लैकमेल है, डिजिटल अरेस्ट में, फ़र्ज़ी अधिकारी वीडियो कॉल पर लोगों को डराते-धमकाते हैं और उन्हें गिरफ़्तारी के झूठे बहाने से डिजिटल रूप से बंधक बना लेते हैं, इस दौरान वे लोगों से लगातार वीडियो कॉल पर बने रहने के लिए कहते हैं



और पैसे ट्रांसफ़र करवाते रहते हैं। डिजिटल अरेस्ट की शुरुआत एक मैसेज या फ़ोन कॉल के साथ होती है। फ़र्ज़ी अधिकारी, पुलिस, सीबीआई, नारकोटिक्स, आरबीआई, या दिल्ली या मुंबई पुलिस अधिकारी बनकर बात करते हैं, वे लोगों को यह बताते हैं कि उनके पैन और आधार का इस्तेमाल करके तमाम चीज़ें खरीदी गई हैं या मनी लॉन्ड्रिंग की गई है। कई बार यह भी दावा किया जाता है कि वे कस्टम विभाग से बोल रहे हैं और आपके नाम से कोई पार्सल आया है जिसमें ड्रग्स या प्रतिबंधित चीज़ें हैं। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आसान भाषा में कहा जाए तो डिजिटल अरेस्ट में फर्जी सरकारी अधिकारी बनकर वीडियो कॉल के माध्यम से लोगों को डरा-धमकाकर उनसे बड़ी रकम वसूल कर लेते है। मौजूद ग्रामीण, महिलाओं व बच्चों को कानून की जानकारी देते हुए अपराध से बचने की समझाईश दी। वर्तमान दौर साइबर अपराध म्यूल अकाउंट, बैंक एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने तथा बैंक का अधिकारी अथवा कर्मचारी बनकर मोबाइल से आधार कार्ड एवं एटीएम कार्ड की गोपनीय जानकारी प्राप्त कर बैंक खातों से रकम पार करने की घटित हो रही घटनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को देते हुए ठगी का शिकार होने से बचने की सलाह दी। इसी क्रम यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उसका पालन करने की अपील की। साईबर अपराध, महिलाओं की सुरक्षा के लिए बने कानूनों, प्राकृतिक आपदा के मामले में राहत राशि, सहित विधिक जानकारियों से अवगत कराते हुए कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। महिला सुरक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी अभिव्यक्ति ऐप के बारे में अवगत कराया। इसी क्रम में नशा न करने की समझाईश देते हुए नशे से होने वाली आर्थिक, सामाजिक एवं शारीरिक हानियों के बारे में अवगत कराया। डीआईजी व एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश के बाद थाना प्रतापपुर के ग्राम बगदा, खोरमा, चौकी रेवटी के ग्राम गोवर्धनपुर, चौकी खड़गवां के ग्राम मानपुर, केरता, जयनगर के ग्राम कोरया, हर्राटिकरा, चौकी करंजी के ग्राम केनापारा, चौकी तारा के ग्राम तारा, जनादनपुर, चौकी मोहरसोप के ग्राम कछिया, चौकी लटोरी ग्राम कसकेला, तुलसी, थाना भटगांव के ग्राम चुनगड़ी, सेवारीपारा, बंशीपुर थाना विश्रामपुर के शिवनंदनपुर, चौकी उमेश्वरपुर ने ग्राम जयपुर, तारकेश्वरपुर, थाना चांदनी ने ग्राम नवाटोला, थाना ओड़गी ने ग्राम रामपुर, थाना रामानुजनगर ने ग्राम पटना, थाना चंदौरा ने ग्राम डोमहत, चंदौरा, चौकी खड़गवां ने ग्राम खड़गवां, सुखदेवपुर, थाना सूरजपुर के ग्राम देवनगर, चंदरपुर सहित अन्य थाना-चौकी क्षेत्र के ग्रामों में 74 चलित थाना का आयोजन किया है। पुलिस के इस आयोजन में काफी संख्या में नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट, साईबर अपराध म्यूल अकाउंट सहित विविध जानकारी देकर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने चलित थाना के दौरान ग्रामीणों को अवैध कारोबार, अवैध शराब, नशे के धंधे में लिप्त लोगों, जुआ खेलने वालों की सूचना देने की अपील किया ताकि उनके विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही की जा सके। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, सरपंच, पंच व ग्रामवासियों के सुझाव भी लिए गए। यातायात नियमों की जानकारी देकर उसका पालन करने, घटना-दुर्घटना की सूचना फौरन देने तथा सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद कर गुड सेमेटेरियन बनते हुए उन्हें तत्काल नजदीक के अस्पताल ले जाने हेतु प्रोत्साहित किया है। युवाओं, ग्रामीणों, महिलाओं व बच्चों को यातायात नियम जिसमें दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग, चार पहिया वाहन में सीटबेल्ट बांधना, अपने साईड पर चलना, तेज गति से वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का उपयोग न करने, शराब पीकर वाहन चालन न करने तथा यातायात संकेतों को दिखाकर संकेत का मतलब समझाया गया, यातायात के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## 500 व्यक्ति किए गए चेक, नहीं मिले अवैध प्रवासी



**सूरजपुर।** जिले में अवैध रूप से निवास कर रहे बाहरी व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस ने जांच का वृहद अभियान चलाया है। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर पिछले एक सप्ताह से जिले के थाना-चौकी की कई पुलिस टीमों के द्वारा क्षेत्र में अवैध प्रवासियों की सघन जांच करने में लगी हुई है। अवैध प्रवासियों की चेकिंग अभियान के लिए डीएसपी अनूप एक्का को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जो अभियान के दौरान पुलिस टीम के साथ खुद भी सक्रियता से चेकिंग करते नजर आते है। इस अभियान में अभी तक 500 से अधिक लोगों की जांच पड़ताल की गई है। विश्रामपुर थाना क्षेत्र में ग्राम शिवनंदनपुर, फोकटपारा, रेलवे स्टेशन के पीछे दिगर प्रदेश से आकर रहने वाले लोगों का आधार कार्ड, राशन कार्ड सहित अन्य पहचान आईडी देखा गया और उसकी तस्दीक कराई जा रही है। थाना सूरजपुर, भटगांव, जयनगर, प्रतापपुर, झिलमिली, चौकी बसदेई सहित सभी थाना-चौकी क्षेत्र में सूक्ष्मता से अवैध प्रवासी की चेकिंग पुलिस टीमों के द्वारा लगातार की जा रही है। डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि यह अभियान जिले में विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने और बाहरी तत्वों पर नजर रखने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। आमजन से अपील की है कि अपने क्षेत्र में बाहरी व्यक्तियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मिल सके और संबंधित की बारीकी से चेकिंग की जा सके। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन की प्रक्रिया को गंभीरता से लेते हुए अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर सतत नजर रखें।

# नो एंट्री में गाड़ियों को छूट बीएमएस ने किया प्रदर्शन

### प्रगतिनगर से खदान तक लगा जाम



**कोरबा।** जिले के कोयलांचल गेवरा दीपका में गाड़ियों का जाम लगने से लोग परेशान है। आवागमन में भी समस्या उत्पन्न हो गई। दावा किया जा रहा है कि नो एंट्री के बावजूद नजराना लेकर गाड़ियों को छूट दी जा रही है । इसके कारण जाम लग रहा है।। भारतीय मजदूर संघ की कोयला इकाई ने इस मामले को लेकर आज प्रदर्शन किया और संबंधित अफसर पर निशाना साधा।

कोलफील्ड गेवरा दीपका में भारी वाहनों के लिए रात्रि 10 से सुबह 6ः00 बजे तक नो एंट्री लगाई गई है और इसका पालन करना है। अर्थात इस समय अवधि में भारी वाहनों का प्रवेश करना वर्जित है। कागज में नियम बना देने के बाद निगरानी करने की जिम्मेदारी अधिकारियों की है लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। नतीजा यह है कि नो एंट्री के बावजूद भारी वाहनों को आगे बढ़ाने का भरपूर मौका दिया जा रहा है। पिछले कुछ दिन से इस प्रकार की गतिविधियां यहां पर चल रही हैं।

इसके परिणामस्वरूप इस इलाके में चौतरफा जाम के नजारे निर्मित हो गए। प्रगति नगर से लेकर खदान जाने वाले रास्ते तक जाम के साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के कर्मचारियों के अलावा आम लोग परेशान हुए। आज सुबह इस नजारे को देखने के बाद भारतीय मजदूर संघ की स्थानीय यूनिट ने विरोध दर्ज कराया और मौके पर चक्का जाम कर दिया।

उनका आरोप है कि सुरक्षा एजेंसी के अलावा अन्य लोग इस मामले में रुपया लेकर नो एंट्री में भी गाड़ियों को प्रवेश कर रहे हैं जिसके कारण हालात बिगड़े हुए हैं। मामले की जानकारी होने पर प्रबंधन के अधिकारी यहां पहुंचे। जब उनसे इसी सवाल को दोहराया गया तो उन्होंने आरोप को स्वीकार करने से इंकार किया।

## क्यों होता है पाइल्स सेमिनार में हुई चर्चा

**कोरबा।** आयुष मेडिकल एसोसिएशन का चिकित्सक सम्मेलन आज होटल हेरिटेज इन में आयुष मेडिकल एसोसिएशन कोरबा एवं हिमालया फार्मा जिल डिवीजन बैंगलोर के संयुक्त तत्वाधान में अर्श (पाइल्स) रोग पर विशेष संभाषा परिषद के रूप में आयोजित हुआ। हिमालया फार्मा बैंगलोर के साइंटिफिक सर्विसेस के सीनियर मैनेजर डॉ.विपिन कटारिया द्वारा आयुर्वेदानुसार अर्श (पाइल्स) रोग के कारण, निदान एवं उपचार पर विशेष प्रकाश डालकर इस विषय पर चिकित्सकों के अनुभवों को साझा करने के साथ परिचर्चा की गई। इस आयुष चिकित्सक सम्मेलन मेंआयुष मेडिकल एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी तथा जिले के सभी बी.ए.एम.एस. चिकित्सक सदस्यों के अलावा हिमालया फार्मा बैंगलोर के साइंटिफिक सर्विसेस सीनियर मैनेजर डॉ. विपिन कटारिया, रीजनल मैनेजर आनंद पाण्डेय एवं मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव चक्रपाणि पांडे विशेष रूप से उपस्थित थे। ।

## जबरिया की तोड़फोड़, लोगों के तेवर से भयभीत दबंग अब बच रहे हरदीबाजार आने से

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड दीपिका क्षेत्र की खदानों के विस्तार के लिए हरदी बाजार तक पहुंच बढ़ गई है । खबर के अनुसार यहां 345 मामलों में मुल संपत्ति और परिसंपत्ति को अर्जित करने योजना बनाई गई है । जबकि लोग 100 फीसदी अर्जन की मांग कर रहे हैं। हाल में ही यहां के कॉलेज के कुछ कमरों को ध्वस्त करने की कार्रवाई से लोग भड़क गए। उनके गुस्से का रंग ऐसा रहा की अफसर के इशारे पर दबंगई करने वाले यहां घुसने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं।

हरदी बाजार में फिलहाल शांति बनी हुई है लेकिन लोग हर तरह की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। कोयला खदान यहां से कुछ दूरी पर है लेकिन योजना यह है कि उसका विस्तार इस गांव तक किया जाए। तर्क दिया जा रहा है कि यहां पर कोयला का बड़ा बेल्ट मौजूद है और नेशन इंटरेस्ट में उसका विदोहन करना जरूरी है। कंपनी प्रबंधन नीतिगत रूप से कह रही है कि 345 मामलों में अर्जन और विस्थापन की कार्रवाई की जाएगी , बाकी की नहीं। जबकि लोग इस शर्त को मान्य करने तैयार नही। उनकी शर्त है कि 100 फीसदी अर्जन करना है तो करें, वरना कहीं और देखें।

स्थानीय लोगों ने 5 दिन पहले ही प्रबंधन की शह पर कलिंगा के प्रोफेशनल को मौके पर अच्छा सबक सिखाया था और उनकी खबर ली थी। दरअसल यहां के सरकारी कॉलेज के उन कमरों को तोड़ देने से लोग नाराज थे जो उसे समय फंक्शन में थे। खबर है कि इसकी अनुमति लिए बिना ही यहां अवैध और अनुचित काम किया गया। इस कारनामे से लोगों का गुस्सा फुट गया। उन्होंने तहसीलदार से भी इसे लेकर पूछताछ की लेकिन उत्तर नहीं मिला। इस घटनाक्रम में एक बड़ी लकीर खींचने में अपनी भूमिका निभाई।

आलम यह है कि अब इस क्षेत्र में मनमानी करने की तो छोड़िए घुसने से भी उन लोगों को डर लग रहा है जो दूसरों के इशारे पर नाचने को तैयार रहते थे। स्थानीय लोगों ने ऐलान किया है कि अगर उनकी संपत्ति को अनावश्यक नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई और हमारी चुनौती बढ़ाई गई तो बेहतर ढंग से निपटा जाएगा।

## पार्किंग और मॉल ने रोकी पानी की राह, रहवासी परेशान

**कोरबा।** बारिश और गंदे पानी की निकासी हर हाल में हो आम नागरिक एवं व्यवसायिक चाहते हैं। कोई यह नहीं चाहता कि पानी का जमाव कहीं पर भी हो और इससे समस्याएं उत्पन्न हो। पावर हाउस रोड मे रहने वाली बड़ी आबादी ऐसी ही समस्या से लंबे समय से जूझ रही हैं। उन्होंने आयुक्त के ध्यान में इस समस्या को लाया है और कहा है कि इस बारिश से पहले समाधान हो जाना चाहिए।

इस इलाके में रहने वाले गोपाल अग्रवाल, प्रमोद, अरनव, एचपीएस साहू और अन्य नागरिकों ने जल जमाव की समस्या से हो रही परेशानी निगम आयुक्त आशुतोष पांडे के संज्ञान में लाई है। इन लोगों ने आयुक्त से भेंट की और उन्हें बताया कि पावर हाऊस रोड बाईपास केनाल रोड के समीप दर्जनों आवासीय परिसर एवं वर्षा ऋतु की पानी नहर में निकासी के रूप में होती थी। लेकिन पिछले वर्षों में अनियोजित विकास के अंतर्गत पार्किंग एवं सिटी सेंटर मॉल निर्माण इस क्षेत्र में हुआ है । यह बात अलग है कि इसके लिए संबंधित संस्था ने निर्माण की अनुमति प्रदान की। इस दौरान कई चीजों को ध्यान में नहीं रखा गया। इसके कारण उपरोक्त आवासीय परिसर एवं बारिश का पानी दो वर्षों से पावर हाऊस रोड तक पहुंच जा रहा है। नगर निगम के संज्ञान में इस बात को प्रमुख रूप से लाया गया है कि लंबे समय से जिस इलाके से होकर पानी निकासी की व्यवस्था थी, उसी जगह पर करोड़ों की लागत से पार्किंग का निर्माण करा दिया गया है। जिससे विगत कुछ वर्षों से वर्षा ऋतु में व्यवसायी वर्गों को भारी परेशानी हो रही है। जल जमाव की स्थिति निर्मित होने के साथ अन्य समस्याएं भी खड़ी हो रही है। अलग-अलग माध्यम से इस मुद्दे को अधिकारियों की जानकारी में लाया गया।

लोगों की शिकायत इस बात को लेकर भी है कि उन्हें आश्वासन जरूर मिले लेकिन परिणाम नहीं।नागरिकों ने हालिया बारिश में हुई परेशानी के साथ अगले जून से रेनी सीजन की सक्रियता के दौरान उत्पन्न होने वाली स्थिति और अपनी चिंता से निगम आयुक्त को अवगत कराया है। कहा गया है कि प्रतिकूल स्थिति से पूर्व लंबे समय से बनी हुई समस्या का निराकरण कराया जाना चाहिए। नागरिकों ने इस मामले में श्रम उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, महापौर संजू देवी राजपूत और जोन कमिश्नर को भी अवगत कराया है।

### अर्बन पब्लिक सिविल सोसाइटी तय करेगी उपयोगिता

दूसरी ओर अब तक यह नहीं हो सका है कि करोड़ों की लागत से नगर पालिका निगम कोरबा ने राताखार बायपास रोड पर जो मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण कराया है ,उसका होना क्या है।

खबर के अनुसार इस मामले में अंतिम रूप से कोरबा अर्बन पब्लिक सिविल सोसाइटी को जिम्मेदारी है कि वह इसकी उपयोगिता तय करें कि मौजूदा कंस्ट्रक्शन मैं मल्टी लेवल पार्किंग ही चलना है या कोई और गतिविधियां। याद रहे पिछले दिनों म्युनिसिपल कॉरपोरेशन ने हाई कोर्ट में संबंधित विवाद को जीत लिया। पिछले ठेकेदार के द्वारा कम छोड़े जाने के बाद अब नए सिरे से दूसरी एजेंसी तय की गई है और उसे 6 महीने में काम पूरा करने को कहा गया है, जो बचा हुआ है।

## सड़क और भवन निर्माण के काम में मनमानी , उठ रहे सवाल

### पौड़ी उपरोड़ा क्षेत्र में धान उपार्जन समितियों का मामला



**कोरबा।** धान उपार्जन केंद्रों में इस समय सड़क और भवन निर्माण कार्य तेजी से जारी है, लेकिन कार्य की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। शिकायतों के अनुसार, निर्माण स्थल पर आवश्यकतानुसार पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा, जिससे कार्य की गुणवत्ता पर गहरा असर पड़ रहा है।

सिविल सेक्टर के जानकार कहते हैं निर्माण के दौरान यदि नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं किया जाए तो कंक्रीट सही तरीके से सेट नहीं हो पाता। इसका सीधा असर सड़क की मजबूती और टिकाऊपन पर पड़ता है। उन्होंने चेतावनी दी है कि बिना सही जमाव के सड़कें जल्द ही भारी वाहनों के दबाव से टूटने और उखड़ने लगेंगी, जिससे किसानों और व्यापारियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निगरानी के लिए मंडी बोर्ड के इंजीनियरों द्वारा कोई नियमित निरीक्षण नहीं किया जा रहा है। निर्माण कार्य प्रारंभ होने के समय एक बार निरीक्षण अवश्य किया गया था, लेकिन उसके बाद से अब तक अधिकारियों ने स्थल का दौरा नहीं किया है। इससे ठेकेदारों को मनमाने तरीके से कार्य करने की खुली छूट मिल गई है। नागरिकों ने मंडी बोर्ड और जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य की गुणवत्ता नहीं सुधारी गई तो निकट भविष्य में ये सड़कें टूट-फूट जाएंगी, जिससे न केवल किसानों की फसलें मंडी तक पहुंचाने में दिक्कत आएगी, बल्कि सरकार की लाखों रुपए की लागत भी बर्बाद हो जाएगी। इसलिए निर्माण में पैरामीटर का ध्यान रखना चाहिए। लोगों ने प्रशासन को इस बारे में अपनी ओर से अवगत कराया है।

### ओम गवेल पुनः बने अध्यक्ष

**कोरबा।** जिले के कुसमुंडा क्षेत्र में रविवार को हुई बैठक संभाग अध्यक्ष राहुल डिक्सेना संभाग सचिव अमरीक सिंह रिंकू जिलाध्यक्ष शशिकांत डिक्सेना की उपस्थिति में संपन्न हुई। नई कार्यकारिणी के तहत कुसमुंडा संरक्षक अमरीक सिंह रिंकू ,अध्यक्ष के लिए पुन: ओम गवेल की न्युक्ति की गई। वही कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें उपाध्यक्ष पद के लिए मनीष महंत, गुरदीप सिंह, कोषाध्यक्ष ओमकार यादव, सचिव नागेंद्र विश्वकर्मा, सहसचिव कुलदीप मेरी कार्यालय प्रभारी कन्हैया चौहान मीडिया प्रभारी कुलदीप साहू जितेंद्र साहू कार्यकारिणी सदस्य में दिनेश अग्रवाल चित्र से नक रूपेश महंत, नरेश महंत, सुनील राजपूत फिरत पाटले नियुक्त हुए।

# बालको ने 5,000 से अधिक पशुओं को लाभ पहुंचाया

## बालको ने टाको के साथ पशु कल्याण कार्यक्रमों के तीन वर्ष पूरे किए



**कोरबा-बालकोनगर।** भारत की आईकॉनिक एल्यूमिनियम उत्पादक और वेदांता एल्यूमिनियम की इकाई भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) करुणा, देखभाल और सह-अस्तित्व की संस्कृति को बढ़ावा देकर पशु कल्याण हेतु अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रही है। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की पहल द एनिमल केयर ऑर्गनाइजेशन (टाको) ने अपनी सेवा के तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं।

मानव, पशु और पर्यावरण कल्याण के परस्पर संबंध पर जोर देने वाले 'वन हैल्थ' विजन में निहित, टाको एक राष्ट्रीय आंदोलन बन गया है, जो आश्रय, अस्पताल, अकादमी, वन्यजीव संरक्षण, आपदा राहत और क्षेत्र विकास के अपने छह स्तंभों के माध्यम से देखभाल को बढ़ावा देता है। इस मिशन में एक ऑन-ग्राउंड पार्टनर के रूप में बालको ने इस विजन को कोरबा, छत्तीसगढ़ में यथार्थ प्रभाव में बदलने में मदद की है।

पिछले तीन वर्षों में, पशु कल्याण में बालको की ढांचागत कोशिशों ने 5,000 से अधिक पशुओं पर सकारात्मक असर डाला है, जो इस उद्देश्य के लिए बढ़ती प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पशु कल्याण के लिए उठाए गए कदम जैसे कि जिला पशु चिकित्सा विभाग के साथ साझेदारी में 3,000 से अधिक रिफ्लेक्टिव कॉलर का वितरण सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में मदद करता है। इन्हें चार पशु चिकित्सा स्वास्थ्य शिविरों द्वारा मुमकिन बनाया गया, जिससे 2,500 से अधिक मवेशियों को लाभ हुआ, जिसमें कृमिनाशक, घाव की देखभाल और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, जिससे स्थानीय किसानों को प्रत्यक्ष मदद मिली जो अपनी आजीविका के लिए पशुधन पर निर्भर हैं।

इन प्रयासों के आधार पर बालको ने लक्षित स्वास्थ्य पहल के माध्यम से आवारा कुत्तों के कल्याण के लिए भी काम किया है। टाको के सहयोग से, रेबीज जैसी जूनोटिक बीमारियों को रोकने के उद्देश्य से अभियान के तहत 300 से अधिक कुत्तों को टीका लगाया गया। इसके अलावा, अत्यधिक गर्मी की चुनौतियों को समझते हुए आवारा पशुओं के लिए वाटर बाउल चैलेंज शुरू किया गया, जिसमें अधिक भीड़-भाड़ वाले इलाकों में हाइड्रेशन बाउल रखे गए और सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित किया गया। कर्मचारियों और स्थानीय स्वयंसेवकों ने नियमित रूप से भोजन और पानी के कटोरे रखकर इस पहल का सक्रिय समर्थन किया।

हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की चेयरपर्सन और वेदांता लिमिटेड की गैर-कार्यकारी निदेशक, टाको की संस्थापक सुश्री प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में टाको की यात्रा व्यक्तिगत और उद्देश्यपूर्ण रही है। इसके मूल में एक सरल लेकिन शक्तिशाली विश्वास है: जानवरों को भी इंसानों की तरह ही सम्मान, देखभाल और सुरक्षा मिलनी चाहिए। एक विजन के रूप में शुरू हुआ यह अभियान यह एक ऐसे करुणामय समुदाय में विकसित हुआ है, जिसमें आश्रय, अस्पताल, शिक्षा कार्यक्रम और आपातकालीन सेवाएं शामिल हैं। यह देखना अविश्वसनीय रूप से उत्साहजनक है कि कैसे इस मिशन ने गर्मी की तपिश के दौरान पानी के कटोरे रखने से लेकर आवारा जानवरों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने तक, हर रोज़ दयालुता के कार्यों को बढ़ावा दिया है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको में हम मानते हैं कि जागरूकता और सहानुभूति से सार्थक बदलाव आ सकता है। मवेशियों पर रिफ्लेक्टिव कॉलर लगाने से लेकर गर्मियों के दौरान पानी के कटोरे रखने को प्रोत्साहित करने तक, ये छोटे-छोटे प्रयास प्रतिदिन कई जानवरों की जान बचा रहे हैं और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। टाको के साथ हमारे सहयोग ने कर्मचारियों और समुदायों को देखभाल, करुणा और सह-अस्तित्व की संस्कृति के निर्माण में भाग लेने हेतु सशक्त किया है।

कर्मचारी स्वयंसेवक रामसहाय पटेल ने बताया कि आवारा कुत्तों के लिए पानी का कटोरा रखना या बछड़े को सुरक्षित सड़क पार कराने में मदद करना जैसे छोटे-मोटे काम भी बहुत बड़ा बदलाव ला सकते हैं। इस पहल का हिस्सा बनने से मैं और अधिक जागरूक हो गया हूं। ऐसे कई तरीके हैं जिनके ज़रिए बालको अपने सभी कर्मचारियों और बिज़नेस पार्टनरों के भीतर देखभाल की संस्कृति विकसित करने की कोशिश करती है।

अप्रैल 2022 में शुरू किया गया द एनिमल केयर ऑर्गनाइजेशन (टाको) वेदांता लिमिटेड की प्रमुख पशु कल्याण पहल है, जिसका उद्देश्य आवारा और सामुदायिक पशुओं के लिए ईकोसिस्टम को मजबूत करना है। यह पशुओं और पालतू जानवरों के लिए बचाव, पुनर्वास, निवारक देखभाल, वृद्धावस्था सहायता और मुफ्त ओपीडी सुविधाओं सहित व्यापक सेवाएं प्रदान करता है। टाको डायग्नोस्टिक, आपातकालीन प्रतिक्रिया, बंध्यकरण और उन्नत उपचार के लिए सुसज्जित एक सुपर स्पेशियलिटी पशु चिकित्सा अस्पताल भी संचालित करता है। बालको सहित वेदांता लिमिटेड की सभी व्यावसायिक इकाइयां टाको के समग्र पशु देखभाल के मिशन को आगे बढ़ाने में सक्रिय रूप से योगदान देती हैं।

## नुनेरा में शराब अड्डे पर पुलिस की कार्रवाई

**कोरबा।** पाली पुलिस ने नुनेरा गांव में दबिश देने के साथ 80 लीटर शराब जब्त कर ली। शालिग्राम नामक व्यक्ति के खिलाफ़ एक्साइज एक्ट प्रकरण दर्ज किया गया है।

निरीक्षक युवराज तिवारी ने बताया कि बड़े पैमाने पर यहां अवैध रूप से शराब बनाई जा रही थी और इसकी मार्केटिंग भी की जा रही थी। इस अड्डे के बारे में पुलिस को अपने इनफॉर्मर से जानकारी मिली। सूचना का सत्यापन करने के साथ यहां पुलिस की टीम ने दबिश दी । इस कार्रवाई के दौरान मौके से 80 लीटर अवैध शराब मिले हैं। निर्माण की प्रक्रिया में उपयोग किए जाने वाले कुछ इक्विपमेंट और अन्य पदार्थ को भी जप्त कर लिया गया। पता चला कि व्यापक स्तर पर इस अड्डे को ऑपरेट किया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि सभी प्रकार के अवैध कार्यों पर अंकुश लगाने के लिए योजना बनाई गई है । इस प्रकार की सूचनाओं के मिलने के साथ तुरंत कार्रवाई करेंगे।

***कोरबा।** भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के कोयलांचल गेवरा दीपका आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें लड्डुओं से तौला गया। कार्यक्रम में छग खाद्यआयोग के प्रथम अध्यक्ष ज्योतिनंद दुबे उपस्थित रहे।

## एसईसीएल कर्मी ने लगाई फांसी

**कोरबा।** जिले के कुसमुंडा थाना अंतर्गत एक एसईसीएल कर्मी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई । जानकारी के अनुसार कुसमुंडा परियोजना में केटेगिरी वन कर्मी गोपाल राम पिता धनसाय उम्र 42 वर्ष भटगांव निवासी वर्तमान में विकास नगर कुसमुंडा के एम 444 में निवासरत था। उसके साथ सूरत लाल भी एक ही क्वार्टर में रहता था। सूरत बीते सोमवार को अपने गांव चला गया था आज मंगलवार की सुबह गोपाल से संपर्क करने के लिए उसके साथियों ने प्रयास किया उसे फोन भी लगाया,साथ ही क्वार्टर का दरवाजा भी खटखटाया पर किसी प्रकार से उससे संपर्क नही हो पा रहा था। ऐसे में अनहोनी की आशंका में कुसमुंडा पुलिस से संपर्क किया गया। पुलिस मौके पर पहुंची,खटखटाने पर कोई आवाज नहीं होने पर पड़ोसियों के सामने दरवाजे को तोड़ा गया,जिसके बाद का दृश्य देख सभी हतप्रभ रह गए। कर्मी ने कमरे में लगे पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं। बताया जा रहा की मृतक का परिवार भटगांव क्षेत्र में निवासरत है,जिन्हे सूचना दी गई है। फिलहाल मृतक ने किन परिस्थितियों में यह आत्मघाती कदम उठाया इसकी जांच की जा रही हैं।

### लेमरू के जंगल में विचरणरत 16 हाथी फसलों को पहुंचा रहे नुकसान

**कोरबा।** वन मंडल कोरबा के लेमरू जंगल में अरेतरा व केऊबहार के बीच 16 हाथियों का दल पिछले 3 दिनों से विचरण कर रहा है। हाथियों का यह दल दिन भर जंगल में रहने के बाद शाम होते ही ग्रामीणों के खेतों में भोजन की तलाश में पहुंच जाता है और वहां लगे धान की रबि फसल को रौंदने के साथ तहस-नहस कर देता है। हाथियों के उत्पात से क्षेत्र के ग्रामीण काफी हलाकान है।



### चित्रभान सिंह दिवंगत

**कोरबा।** किरारी निवासी चित्रभान सिंह राठौड़ का आज निधन हो गया। वे रूरल इंजीनियरिंग सर्विसेज पौड़ी उपरोड़ा के सब डिवीजन ऑफिसर गजेंद्र सिंह राठौर के पिता थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार आज गृह ग्राम किरारी मैं संपन्न हुआ। उनके निधन पर विभिन्न समाज के लोगों ने शोक जताया है।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com